नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शनिवार 3 जुलाई 2021, शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-144 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोनाकाल में भी पड़ौसी देश आतंकिस्तान अपने नापाक इरादों से बाज नहीं आ रहा है। 370 के खात्मे के बाद से जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना आतंकवादियों को चुन-चुन कर 72 हूरों के पास भेज रही है उससे बौखलाकर आतंकिस्तान अब ड्रोन वाली साजिश रच रहा है। भारत ने इसकी शिकायत संयुक्त राष्ट्र में की है लेकिन आतंकिस्तान हमेशा की तरह इस नापाक हरकत के पीछे अपना हाथ होने से इंकार कर देगा। कायरीस्तान की ड्रैगन वाली साजिश का भारत को मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए और उसके खिलाफ फौरन से पेश्तर एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राईक कर देनी चाहिए।

जीपी सिंह के ठिकानों से मिला 5 करोड़ की चल-अचल संपत्ति सहित गुप्त डायरी

■ दस्तावेजों को खंगालने में अभी भी जुटी हुई है एसीबी

■ परिजनों के नाम पर हैं संपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को आईपीएस जीपी सिंह के 15 ठिकानों पर छापा मार कार्रवाई की थी जो दूसरे दिन भी लगातार जारी है। एसीबी की जांच मे करीब 5 करोड़ से भी ज्यादा की सम्पत्ति जीपी सिंह के ठिकानो से मिलने की जानकारी शाम को एसीबी निदेशक आरिफ शेख साझा किया है।

एसीबी निदेशक आरिफ शेख ने कहा कि अभी भी जीपी सिंह के रिश्तेदारों,करीबियों और उनसे जुड़े अधिकारीयों से एसीबी की टीम पूछताछ कर रही है। अलग-अलग ठिकानों से कई महत्वपूर्ण दस्तावेज सहित कई बैंक अकाउंट, शेयर और म्युचुअल फंड में निवेश की जानकारी मिली है।

आरिफ शेख के मुताबिक राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण एवं एंटी करप्शन ब्यूरो मुख्यालय रायपुर में जीपी सिंह के खिलाफ अपराध क्रमांक 22/021 धारा 13(1) बी 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 यथा संशोधित 2018 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक मिले दस्तावेजों तथ्यों व अन्य साक्ष्यों के अवलोकन किये जा रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीसीटीवी से हुआ है छेड़छाड़

जीपी सिंह का बंगला सीसीटीवी कैमरे से लैस था। सभी कैमरों से घर में आने जाने वालों पर कड़ी निगरानी रखी जाती थी। रिकॉर्डिंग सीसीटीवी के डीवीआर में सुरक्षित होता है,लेकिन एसीबी ने जाँच के दौरान ये डीवीआर मशीन गायब पाया है। जांच टीम डीवीआर की तलाश में है पर अब तक सफलता हाथ नहीं लगी है। एसीबी के अधिकारियों का मानना है कि सीसीटीवी फुटेज में जरूर कुछ ख़ास होगा इसलिए मौका पाकर इसे गायब किया गया है। हालाँकि बंगले में कार्यरत स्टाफसहित जीपी सिंह से भी इस संबंध में पूछताछ किया जा रहा है। टीम को शंका है कि जानकार व्यक्ति ही इसे छुपाया है।

करोड़ों चल-अचल संपति के जीपी सिंह हैं मालिक

अब तक की जांच में परिजनों के नाम पर हाईवा, जेसीबी कंक्रीट मिक्सचर वाहन मशीन लगभग 75 लाख की जानकारी मिली है जो परिजनों के नाम पर खरीदी गई है। अब तक की जांच में जमीन मकान व फ्लैट में राज्य एवं राज्य के बाहर बड़ी मात्रा में निवेश की जानकारी मिली है। जिस का आकलन किया जा रहा है। ओडिशा के केन्दुझर ज़िले के बड़बिल में जीपी सिंह के नाम पर माइंस की जानकारी मिली है। इसके अलावा और भी राज्यों में दस्तावेजों छानबीन की जा रही है। अंदेशा लगाया जा रहा है कि इसमें भी बड़ी सफलता एसीबी को जल्द ही हाथ लगेगी।

दूसरी लहर कम, एक्टिव केस घटे, रिकवरी रेट बढ़ाः मंत्रालय

■ एक्टिव केस में 86 फीसदी की कमी ■ 79 % हेल्थ केयर वर्कर्स ने ली दो डोज

नई दिल्ली/ए.। देश में कोरोना वायरस के दैनिक मामलों में लगातार गिरावट आ रही है। अप्रैल-मई महीने में तबाही मचाने के बाद अब कोरोना की दूसरी लहर मंद पड़ती जा रही है। सरकार ने राहतभरी जानकारी देते हुए कहा है कि पीक से अब एक्टिव मामलों में 86 फीसदी की गिरावट है। इसके साथ ही, रिकवरी रेट में भी काफी इजाफा हुआ है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नियमित प्रेस ब्रीफिंग में संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया, ''क्लीनिकल मैनेजमेंट पर लगातार फोकस की वजह से रिकवरी रेट जोकि 3 मई को 81।1 फीसदी था, वह अब बढ़कर 97 फीसदी के पास पहुंच गया है। पिछले हफ्ते के मुकाबले कोरोना के मामलों में अब 13 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। औसतन अब रोजाना 46 हजार नए मामले देश में सामने आ रहे हैं।'' कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि हेल्थ केयर वर्कर्स में 79 फीसदी ने दो डोज ले ली है। 18.44 आयु वर्ग वालों में 15.8 फीसदी लोगों को वैक्सीन की पहली डोज लगाई जा चुकी है। वहीं, फ्रंटलाइन वर्कर्स में अब तक 90।9 फीसदी को पहली डोज लगाई जा चुकी है और 90।3 फीसदी को दोनों डोजेज दी जा चुकी हैं। बता दें कि देश में पिछले ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वैक्सीन की कमी, राहुल ने सरकार पर कसा तंज

नई दिल्ली (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोरोना वैक्सीन की आपूर्ति को लेकर सरकार पर शुक्रवार को फिर से तंज कसा और कहा कि जून महीने में टीकाकरण उत्सव मनाने वाली सरकार जुलाई शुरू होने के बावजूद अभी वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा पा रही है। श्री गांधी ने ट्वीट किया, जुलाई आ गया है वैक्सीन नहीं आई। कहां है वैक्सीन। गौरतलब है कोरोना वैक्सीन की कमी को लेकर श्री गांधी सरकार पर लगातार हमला बोल रहे हैं। पहले उन्होंने 18 से 45 साल के लोगों के टीकाकरण का जिम्मा राज्यों को सौंपने पर आपत्ति जताई और अब जब केंद्र सरकार ने निशुल्क टीकाकरण अभियान शुरू किया है तो वह सवाल उठा रहे हैं कि दिसंबर तक इस रफ्तार से देश की पूरी आबादी का कैसे टीकाकरण किया जा सकता है।

खास-खबर

इस्लामाबाद के भारतीय उच्चायोग कंपाउंड में भी दिखा ड्रोन, भारत की आपत्ति

इस्लामाबाद/ए.। जम्मू में ड्रोन के जरिए आतंकी हमले के बाद अब पाकिस्तान के इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग के कंपाउंड में ड्रोन देखा गया है। सूत्रों के मुताबिक- भारत ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और पाकिस्तान सरकार से इसे लेकर कड़ी आपत्ति जताई है, लेकिन पाकिस्तान की ओर से भी कोई जवाब नहीं दिया है।

छः प्रौद्योगिकी नवाचार प्लेटफॉर्म जारी

नई दिल्ली (वार्ता)। केंद्रीय भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शुक्रवार को छह प्रौद्योगिकी नवाचार प्लेटफार्मों का उद्घाटन किया जो भारत में विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी विनिर्माण के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास पर ध्यान केंद्रित करेंगे। श्री जावड़ेकर ने एक ऑनलाइन समारोह में कहा कि 'हाई-एंड टेक्नोलॉजी' में नवाचार से देश के लिए धन अर्जित किया जा सकता है।

अब गर्भवती महिलाएं भी ले सकेंगी कोरोना वैक्सीन, मिली मंजूरी

नई दिल्ली/ए.। गर्भवती महिलाएं अब कोरोना का टीका लगवा सकती हैं। एनटीएजीआई की सिफारिशों को स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंजूर कर लिया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एनटीएजीआई यानी नेशनल टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्यूनाइजेशन की सिफारिशों को मंजूर कर लिया है। गर्भवती महिलाएं अब कोविन पर पंजीकरण करा सकती हैं या टीका लगवाने के लिए सीधे कोविड टीकाकरण केंद्र में जा सकती हैं।

एक स्टडी में ये सामने आया था कि कोरोना संक्रमण से गर्भवती महलाओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर हो रहा था और उनमें कई गम्भीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा था। भ्रूण में भी असर पड़ने के चांस थे। स्टडी में ये सामने आया कि दूसरी महिलाओं की तुलना में गर्भवती महिलाओं में गम्भीर संक्रमण का खतरा है। कोविड संक्रमित गर्भवती महिलाओं में प्रीम्च्योर बर्थ का खतरा भी स्टडी में सामने आई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक गर्भवती महिलाएं गर्भावस्था के किसी भी स्टेज पर वैक्सीन ले सकती हैं।

92 फिसदी तक मिलेगा प्रोटेक्शन

स्टडी में पाया गया कि इनमें कोविड से 2 की मौत हुई यनी 0।05 प्रति हजार। नीति आयोग के सदस्य डॉ। वी के पॉल ने कहा कि पुलिसकर्मी हाईरिस्क ग्रुप में हैं और उनमें की गई स्टडी ने दिखाया कि वैक्सीन की एक डोज मौत से 92 पर्सेंट तक प्रोटेक्शन देती है और दोनों डोज 98 पर्सेंट प्रोटेक्शन देती है। उन्होंने कहा कि इस तरह का डेटा कई स्टडी से सामने आया है कि वैक्सीन लगाने से गंभीर बीमारी से प्रोटेक्शन मिलता है। बीमारी हो भी तो उसके गंभीर होने के चांस बेहद कम हो जाते हैं और मौत का रिस्क बहुत कम हो जाता है।

पुलवामा में सेना का बड़ा एनकाउंटर

पाकिस्तानी समेत लश्कर के 5 आतंकी ढेर, जवान शहीद

पुलवामा/ए.। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में गुरुवार देर रात से जारी एनकाउंटर में लश्कर ए तैयबा के पांच आतंकी मारे जा चुके हैं। इनमें से एक पाकिस्तानी है। पुलवामा के हांजिन राजपोरा इलाके में एनकाउंटर अभी भी जारी है और छिपे हुए आतंकियों की तलाश की जा रही है। क्रॉस फायरिंग के दौरान सेना का एक जवान भी शहीद हो गया। एक सैन्य अधिकारी ने बताया कि शुरुआती गोलीबारी में एक जवान घायल हो गया था, जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस आईजी विजय कुमार ने बताया कि पुलवामा एनकाउंटर के दौरान लश्कर के पांच आतंकी ढेर किए गए हैं। इनमें से एक पाकिस्तानी नागरिक है। ऑपरेशन अभी जारी है।

पुलवामा के हांजिन राजपोरा इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच एनकाउंटर

जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार देर रात सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने पुलवामा जिले के राजपोरा इलाके के हाजिन गांव में घेराबंदी कर तलाश अभियान शुरू किया था। आतंकियों के सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाने से अभियान मुठभेड़ में तब्दील हो गया। सुरक्षा बल ने भी गोलीबारी का मुंह तोड़ जवाब दिया।

ड्रोन हमले के पीछे लश्कर और जैश का हाथ: डीजीपी सिंह

दूसरी ओर, जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह का कहना है कि ड्रोन के जरिए हथियार, विस्फोटक और मादक पदार्थ गिराने के पीछे पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन लश्कर ए तैयबा और जैश ए मोहम्मद का हाथ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि जम्मू-कश्मीर में शांति और विकास लाने के लिए आतंकवाद को अस्वीकार किया जाए और इसे हराया जाए। डीजीपी ने कहा कि आतंकवाद के सफाए के लिए आतंकवाद निरोधी अभियानों की गति और भी तेज की जाएगी, वहीं दूसरी ओर ड्रोन जैसे खतरों से निबटने के लिए सुरक्षा इंतजामों को और भी मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जम्मू में उच्च सुरक्षा वाले हवाई अड्डा परिसर में स्थित वायुसेना स्टेशन पर हाल में ड्रोन हमला हुआ था।

सीएम की किसानों से अपील-वर्मी और सुपर कंपोस्ट का करें उपयोग

■ रासायनिक उर्वरकों से भूमि की उर्वरा शक्ति हो रही कम-भूपेश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के किसानों से अपने खेतों में अधिक से अधिक वर्मी एवं सुपर कंपोस्ट उपयोग करने अपील की है। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों से भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो रही है। अब इसमें सावधानी बरतना जरुरी है। मुहैया भूपेश ने किसानों से कहा कि भावी पीढ़ी के लिए एक स्वस्थ और स्वच्छ पर्यावरण का निर्माण करने जैविक खेती सबसे उत्तम है। उन्होंने कहा कि वे भी एक किसान है इसलिए इन दिक्कतों को समझ पा रहे हैं।

वर्मी कम्पोस्ट खेती के लिए सबसे उन्नत-भूपेश



मुख्यमंत्री बघेल ने अपने संदेश में कहा है- वर्मी कम्पोस्ट एवं सुपर कम्पोस्ट के प्रयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। फसल उत्पादन बेहतर होता है। खेती की लागत में कमी आती है। इनके उपयोग से मिट्टी की जलधारण क्षमता में सुधार होने के साथ ही मृदा क्षरण रूकता है। जैविक खाद से उत्पादित खाद्यान्न, फल एवं सब्जियों की पौष्टिकता एवं गुणवत्ता बेहतर होती है। जैविक उत्पादों को बाजार में अच्छी कीमत मिलती है, जिससे किसानों को लाभ होता है। यह खाद भूमि से पोषक तत्वों की हानि को रोकती है। वर्मी एवं सुपर कम्पोस्ट के उपयोग से फसलों में कीट-व्याधि का प्रकोप कम होता है।

उत्तराखंड के सीएम तीरथ सिंह रावत देंगे इस्तीफा!

नई दिल्ली/ए.। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत इस्तीफा दे सकते हैं। जानकारी के अनुसार, उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात के लिए समय मांगा है। ऐसी चर्चाएं है कि वे सीएम पद से इस्तीफा देंगे। गौरतलब है कि दिल्ली में डेरा जमाए बैठे उत्तराखंड के मुख्यमंत्री तीरथ सिंह रावत के इस्तीफे की अटकलें उस समय जोर पकड़ने लगी थी जब उन्होंने शुक्रवार को बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के घर जाकर मुलाक़ात की थी। बीते तीन दिनों में दोनों नेताओं की यह दूसरी मुलाक़ात है, इस मुलाकात के बाद यह चर्चाएं उठने लगी थीं कि कहीं ये उत्तराखंड में फिर से सत्ता परिवर्तन की आहट तो नहीं है? तीरथ सिंह तीन दिन से दिल्ली में हैं। हालांकि जिस दिन वह आए उसी रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से उनकी मुलाक़ात हो गई थी और अगले दिन उन्हें देहरादून वापस जाना था।लेकिन अचानक वापसी का कार्यक्रम टल गया जिसके बाद से उनको बदले जाने की चर्चाओं ने तेजी पकड़ ली थी। गौरतलब है कि रावत ने इसी साल मार्च में उत्तराखंड का मुख्यमंत्री पद संभाला था। तीरथ सिंह को सीएम पद से इसलिए हटना पड़ रहा है क्योंकि मुख्यमंत्री की कुर्सी संभालने के छह महीने के अंदर यानी 10 सितंबर तक उनका विधायक बनना ज़रूरी है।

चुनाव-बाद हिंसा से 'मुकर रही है' पश्चिम बंगाल सरकार : हाईकोर्ट

कोलकाता/ए.। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हिंसा को लेकर तल्ख टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि चुनाव बाद हिंसा से राज्य सरकार मुकर रही है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हुई हिंसा को लेकर शुक्रवार को आदेश जारी किया। कोर्ट ने चुनाव के बाद हिंसा की बात को माना है। कोर्ट ने पाया कि ममता बनर्जी सरकार गलती पर है और मुकर रही है, जब लोग मर रहे थे और नाबालिग लड़कियों को भी नहीं बख्शा गया। कई लोगों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। कई लोगों को अपना घर-बार छोड़ना पड़ा, यहां तक कि दूसरे राज्य जाना पड़ा। हाईकोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के अध्यक्ष द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट के अवलोकन से प्रथम दृष्ट्या याचिकाकर्ता द्वारा लिया गया स्टैंड साबित होता है कि चुनाव के बाद हिंसा हुई है।

अदालत ने कहा कि आज तक राज्य सरकार ऐसा माहौल नहीं बना पाई है कि पीड़ितों के बीच भरोसा जागे ताकि वे लोग घर वापस लौट सकें। पुलिस ने बहुत से पीड़ितों की शिकायत दर्ज नहीं की है और जबरन उन पर जवाबी केस लगाए।कोर्ट ने कहा कि दर्ज मुकदमों की जांच ढुलमुल तरीके से की गई और इस तरह के जघन्य अपराधों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दोहरी मार

महंगाई की मार का नारा देकर सत्ता में आई मोदी सरकार क्यो नहीं लगा पा रही महंगाई पर लगाम?

देश कोरोना से उबरा, बेरोजगारी और महंगाई ने बढ़ाई चिंता

नई दिल्ली/ए.। देश में कोरोना की मार के बाद आम आदमीं बेरोज़गारी और महंगाई की दोहरी मार झेल रहा है। रसोई गैस के दाम पिछले 6 महीने 140 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ चुके हैं। पेट्रोल की क़ीमत 100 रुपये के ऊपर है, खाने का तेल 200 रुपये लीटर है। ऐसे में आम आदमी बीजेपी सरकार से पूछ रहा है कि बहुत हुई महंगाई की मार का नारा देकर सत्ता में आई मोदी सरकार महंगाई पर कोई लगाम क्यों नहीं लगा पा रही?

53 साल की रीना कार के आंसू हर उस आम आदमी के आंसू हैं जो इस वक्त बेरोजगारी

और महंगाई के बीच पिस रहा है। रीना कार के पति का पिछले महीने कोविड संबंधी जटिलता के चलते देहांत हो गया। जिंदगी भर ग्रहणी रहीं रीना को समझ नहीं आ रहा कि वे घर कैसे चलाएं।। हालात यह है कि उनके पास इंजीनियरिंग कर रही बेटी की फीस देने के लिए भी पैसा नहीं है। रीना कार ने कहा कि ''ठीक एक महीने पहले मेरे पति की मौत हो गई। मुझे नहीं पता कि घर कैसे चलाऊं।।दो जवान बेटियां, फीस भरने के पैसे नहीं हैं। ष्ट है पर इस गर्मी में चलाते नहीं कि बिजली का बिल आएगा। ऊपर से महंगाई।। तेल दो सौ, हर चीज़ महंगी, खाना भी एक वक्त बना रही हूं।''

नोएडा के एडीसीपी रणविजय सिंह ने कहा कि ''राकेश दास रिलायंस जिओ कंपनी में काम करता था। पांच माह पूर्व उसकी नौकरी छूट गई थी, इस कारण उसे आर्थिक तंगी हो गई थी। उसकी पत्नी ने दो महीने पहले ही बच्चे को जन्म दिया था और इस प्रक्रिया में भी करीब डेढ़ लाख रुपये खर्च हो गए थे।'' सोचिए, अगर मिडिल क्लॉस का ये हाल है तो गरीबों का इस कमरतोड़ महंगाई में क्या हो रहा होगा। दिल्ली की इस भीषण गर्मी में हर लेबर चौक पर मजदूर अपने औजार लिए बैठे हैं।। न दिहाड़ी मिल रही और न पेट भर खाना। 50 साल के मजदूर राजकेश्वर ने तो अपने बच्चे का स्कूल से नाम कटवा दिया है। वे कहते हैं कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मिडिल क्लास ज्यादा परेशान

देश तो कोरोना से उबर रहा है लेकिन महंगाई और बेरोजगारी आम आदमी को जीने नहीं दे रही। देश का मिडिल क्लास ईमानदारी से टैक्स भरता है, बिजली का बिल भरता है, आपदा में मदद के लिए भी आगे आता है लेकिन सरकार से मिडिल क्लॉस को न कोई सब्सिडी मिलती है न कोई राहत पैकेज। और मिडिल क्लास को ये चाहिए भी नहीं। अपनी मेहनत से, आत्मसम्मान से जीने वाला मिडिल क्लास चाहता है महंगाई से राहत और रोज़गार।

कोविड-19 के नियंत्रण और रोकथाम से जुड़े उपायों के लिए छह टीमें गठित की

नई दिल्ली (वार्ता)। केन्द्र सरकार ने केरल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मणिपुर में कोरोना मामलों में बढोत्तरी के मद्देनजर छह टीमों का गठन किया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के मुताबिक केंद्र ने केरल, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और मणिपुर में कोविड-19 मामलों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बहु-अनुशासनात्मक टीमें बनाई हैं। ईएमआर के अतिरिक्त उपमहानिदेशक और निदेशक डॉ. एल स्वस्तिचरण मणिपुर टीम की अगुवाई करेंगे। अरुणाचल प्रदेश टीम का नेतृत्व अखिल भारतीय स्वच्छता और जन स्वास्थ्य संस्थान के प्रोफेसर, डॉ. संजय साधुखान करेंगे। त्रिपुरा जाने वाली टीम का नेतृत्व अखिल भारतीय स्वच्छता और जन स्वास्थ्य संस्थान के प्रोफेसर डॉ. आर एन सिन्हा करेंगे। केरल जाने वाली टीम का नेतृत्व क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय, ग्रुप 2 जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. रुचि जैन करेंगी। ओडिशा जाने वाली टीम का नेतृत्व अखिल भारतीय स्वच्छता और जन स्वास्थ्य संस्थान के जन स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. ए डैनकरेंगे और छत्तीसगढ़ जाने वाली टीम का नेतृत्व एम्स रायपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ. दिबाकर साहू करेंगे।

न्यूज गैलरी

भिलाई-3 चरोदा निगम के 40 वार्ड और नगर पंचायत उतई के एक वार्ड में वोटरलिस्ट बनाने रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की नियुक्ति

दुर्ग (नव प्रदेश)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर निगम भिलाई-3 चरोदा एवं नगर पंचायत उतई के वार्ड क्रमांक-5 (उपचुनाव)में निर्वाचन 2021 सम्पन्न कराने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किये है। नगर पालिक निगम भिलाई-3 चरोदा एवं नगर पंचायत उतई के लिए क्रमशः रजिस्टीकरण अधिकारी के लिए अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) पाटन एवं दुर्ग को नियुक्त किया गया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री डीगेश्वर साहू, तहसीलदार पाटन, को भिलाई-3 चरोदा निगम के वार्ड क्रं. 01 से 20 तक और श्री चंद्रशेखर मंडई नायब तहसीलदार, भिलाई-3 को भिलाई-3 चरोदा निगम के वार्ड क्र. 21 से 40 तक की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही साथ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री जयेन्द्र सिंह बघेल नायब तहसीलदार, दुर्ग को उतई के वार्ड क्र. 05 के लिए नियुक्त किये गए हैं। समस्त क्षेत्र के अपीलीय अधिकारी श्री बी बी पंचभाई अपर कलेक्टर दुर्ग को नियुक्त किया गया है।

एम आर डी बिरादरी ने बनाया श्रेष्ठ जून माह का कीर्तिमान

भिलाई (नव प्रदेश)। बीएसपी के एमआरडी ने बोरिया कमर्शियल कॉम्प्लैक्स से जून' 2021 को 52165 टन मटेरियल डिस्पैच कर जून' 2008 में स्थापित सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड 33855 टन के कीर्तिमान में 54 प्रतिषत की वृद्धि दर्ज की। अपनी स्थापना से लेकर अब तक के सर्वश्रेष्ठ जून माह के रूप मे दर्ज किया। विदित हो कि एम आर डी, अक्टूबर 2020 से पिछले नौ माह से निरंतर बिके हुए मटेरियल के डिस्पैच का सर्वश्रेष्ठ मासिक रिकॉर्ड दर्ज कर बेहतर प्रदर्शन कर रहा है।

5 जुलाई को जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक आयोजित की जाएगी

दुर्ग (नव प्रदेश)। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 5 जुलाई को सुबह 11:00 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। बैठक में जल स्त्रोतों के डिजाइन एवं स्टैण्डर्डाइजेशन, ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी विलेज एक्शन प्लान सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ-साथ स्वीकृत कार्यों की प्रगति के संबंध में, 15वें वित्त के अंतर्गत स्वीकृत शाला, आंगनवाड़ी, उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं शासकीय भवनों में रनिंग वाटर व टीपीआई हेतु आमंत्रित ईओआई के पात्रता निर्धारण और दर खोले जाने के संबंध में समीक्षा की जाएगी।

नगर निगम भिलाई एवं नगर पंचायत उतई के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

दुर्ग (नव प्रदेश)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नगर निगम भिलाई एवं नगर पंचायत उतई में निर्वाचन 2021 सम्पन्न कराने के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किये है। नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा एवं नगर पचांयत उतई के लिए क्रमशः रजिस्टीकरण अधिकारी के लिए अनुविभागीय अधिकारी(राजस्व) पाटन एवं दुर्ग को नियुक्त किया गया है। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री डीगेश्वर साहू, तहसीलदार पाटन, को वार्ड क्रं. 01 से 20 तक और श्री चंद्रशेखर मंडई नायब तहसीलदार, भिलाई-3 को वार्ड क्र. 21 से 40 तक की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही साथ सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री जयेन्द्र सिंह बघेल नायब तहसीलदार, दुर्ग को वार्ड क्र. 05 नगर पंचायत उतई के लिए नियुक्त किये गए हैं। समस्त क्षेत्र के अपीलीय अधिकारी श्री बी बी पंचभाई अपर कलेक्टर दुर्ग को नियुक्त किया गया है।

दुर्ग जिले में अब सहकारी बैंकों की सुविधा मोबाइल एप के माध्यम से भी

मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ, झीट में बैंक की शाखा का शुभारंभ भी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के सहकारी बैंकों में मोबाइल एप के माध्यम से बैंकिंग की सुविधा भी आरंभ हो गई है। दुर्ग प्रदेश का पहला ऐसा जिला है जहाँ सहकारी बैंकों में मोबाइल एप के माध्यम से बैंकिंग सेवाएं दी जाएंगी। आज मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने पाटन ब्लाक के झीट में नई शाखा के शुभारंभ के मौके पर इस एप का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि दुर्ग जिला सहकारी बैंक के अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने उपभोक्ताओं के लिए अच्छी सेवाएं दी हैं। आज मोबाइल एप का शुभारंभ भी इसकी कड़ी है। जितनी ज्यादा बेहतर सुविधाएं उपभोक्ताओं को मिलती है बैंक की साख उतनी ही बढ़ती है। इस दिशा में नवाचारों को अपनाने के लिए बैंक प्रबंधन द्वारा किये जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि झीट में नई शाखा आरंभ होने से आसपास के आश्रित 19 गाँवों के ग्रामीणों को पास में ही बैंकिंग का लाभ मिल जाएगा, साथ ही मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से वे घर बैठे भी बैंकिंग सुविधा का लाभ ले सकेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने झीट में एटीएम आरंभ करने की माँग भी रखी। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसकी सुविधा भी जल्द ही आरंभ हो जाएगी। कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि झीट में सहकारी बैंक की यह 62 वीं शाखा आरंभ हुई है। इसके माध्यम से पांच समितियों और 19 आश्रित गाँवों के लगभग 4638 किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से बैंक के कार्यक्षेत्र दुर्ग, बालोद और बेमेतरा में 6 लाख 10 हजार खाताधारकों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर अपने संबोधन में गृह एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि मोबाइल बैंकिंग के माध्यम से बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बैंक आधुनिक तकनीक अपना रहा है इससे किसानों को सुविधा मिलती है। बैंक के प्राधिकृत अधिकारी कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कहा कि मोबाइल ऐप के माध्यम से एकाउंट समरी, बैलेंस इन्क्वारी, मिनी स्टेटमेंट, फंड ट्रांसफर (एनईएफटी, आरटीजीएस, आईएमपीएस) की सुविधा मिल पाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक द्वारा नवाचारों के माध्यम से उपभोक्ताओं को हर संभव सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। इस मौके पर दुर्ग विधायक श्री अरुण वोरा, बेमेतरा विधायक श्री आशीष छाबड़ा, नवागढ़ विधायक श्री गुरदयाल बंजारे, गुंडरदेही विधायक श्री कुंवर निषाद, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री आशीष वर्मा, पाटन जनपद अध्यक्ष श्रीमती रामबाई सिन्हा, सदस्य श्री तुलसीराम रजक, सरपंच श्रीमती शशिकला सिन्हा भी उपस्थित रहीं। प्रतिवेदन बैंक के सीईओ श्री पंकज सोढ़ी ने प्रस्तुत किया। इस मौके पर एसडीएम श्री विपुल गुप्ता एवं अन्य अधिकारी तथा जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सभी वार्डों की समस्या का शीघ्र निराकरण किया जाएगा-महापौर

- अधिकारियों को बेहतर सफ़ाई के निर्देश लोगों को किया जागरूक
- सफ़ाई व्यवस्था में सुधार लाए, डेंगू संक्रमण को लेकर लापरवाही न करें

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 एवं 5 के स्लम क्षेत्रों में साफ सफ़ाई की कमी की शिकायत मिलने पर महापौर धीरज बाकलीवाल,स्वास्थ्य प्रभारी हमीद खोखर,वार्ड पार्षद श्रीमती लीना दिनेश देवांगन,पार्षद श्रीमती सत्यवती विजेयन्त पटेल और अधिकारियों कार्यपलान अभियंता आर0के0 पांडेय,उपअभियंता सुश्री आशमा डहरिया,स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता व जलकार्य प्रभारी नारायण ठाकुर के साथ सुबह -सुबह सफ़ाई व्यवस्था देखने साइकल में शहर के गया नगर,संतोषी माता मंदिर गली 05 शांति नगर गली क्षेत्र के आकस्मिक निरीक्षण में निकल पड़े।नागरिको द्वारा मांग की गई,संतोषी मंदिर रोड गली न05 में नाली सीमेंटीकरण के लिए अधिकारी को निर्देशित किये स्टूमेट जल्द तैयार करने को कहे। साइकिल से शहर के निरीक्षण पर निकले महापौर धीरज बाकलीवाल ने वार्डनागरिको से अपील कर कहा पानी व्यर्थ न बहने दे,पानी भर जाने के बाद नल बंद कर दे। उन्होंने जलप्रदाय विभाग को निर्देश दिये है इस नलों में टोटी नही लगी है वहा टोटी अवश्य लगवाए। महापौर ने भ्रमण के दौरान नागरिको से कहा शिकायत समस्या होने मेरे नम्बर पर फ़ोटो खिंचकर व्हाट्सअप करें।शीघ्र समस्या का निराकरण किया जाएगा उन्होंने भ्रमण के दौरान गया नगर क्षेत्र मरार पारा क्षेत्र में नाली के अंदर कचरे का ढेर नजर आया उन्होंने कहा अच्छी तरीके से सफ़ाई करवाए। लोगो को भी उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि सड़क किनारे कचरा न डालें कोरोना महामारी के संकट के साथ ही बरसात आने पर डेंगू मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए जनजागरण जरूरी है। बीमारियों को फैलने से रोकने का सबसे आसान तरीका बेहतर साफसफ़ाई है।

दुर्ग (नव प्रदेश)। ये सुंदर दृश्य नेवई गौठान रिसाली का है। मौका था रोका- छेका के शुभारंभ का। इस अवसर पर एल्डरमेन व पूर्व पार्षद समेत बड़ी संख्या में पशुधन स्वामी शामिल हुए। मवेशियों को निर्धारित समय तक गोठान में रखने संकल्प पत्र भी भराया गया। योजना की शुरुवात करते अतिथियों ने गोठान में पशुधन की पूजा अर्चना कर गुड़, केला खिलाने के बाद चारा दिया गया। आज से ही शहर की सड़कों में घूमने वाले मवेशियों को पकड़ गोठान लाने का कार्य निगम कर्मियों ने शुरू किया। शहरी क्षेत्रों के लोगों ने भी इतना सुंदर पारंपरिक आयोजन पहली बार देखा।

निगम ने रोका छेका के दूसरे दिन पकड़े 34 मवेशी

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। निगमायुक्त श्री हरेश मंडावी के निर्देश पर निगम अतिक्रमण टीम द्वारा नोडल अधिकारी दुर्गेश गुप्ता और बाजार और अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा के मार्गदर्शन में रोका छेका अभियान के आज दूसरा दिन शहर के सड़को में घूम रहे आवारा 34 मवेशी को पकड़कर पुलगांव स्थित गोकुल नगर गौठान में पहुचाया गया। शहर के इन स्थानों से पकड़ा गया कसारीडीह साई मंदिर के पास, जेल चौक,विवेकानंद सभागार के सामने,उताई रोड़ सिविल लाइन समेत कई इलाको में सड़को पर आवारा मवेशिया घूमते नजर आया निगम अतिक्रमण टीम पकडती गई।फसलों को सुरक्षित रखने दुर्ग निगम ने रोका छेका के परंपरा की शुरवात का आज दूसरा दिन। निगमायुक्त श्री हरेश मंडावी ने गौठान में पर्याप्त मात्रा में चारा,पैरा आदि की व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किये है। खुले में घूमते हुए पशुओं को गौठान भेजने और पालतू पशुओं को नियमानुसार शुल्क जुर्माना का भुगतान उपरांत मुक्त कर सम्बंधित पशु पालक को सौंपा जाएगा।इसके लिए सौंपे गए जिम्मेदारी अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा को दी गई है उनकी टीम सड़को पर आवारा मवेशी की धरपकड़ करने की कार्रवाही में राजेश दग्गर,उमेश पात्रे,राधेश्याम नागेश,राजू सूर्या,राजू सागर के अलावा धनेश माखेर शामिल है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400541

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक सुगंध चौधरी अन्य 01 आ. बच्चुलाल निवासी मरोदा सेक्टर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 417/5 रकबा 0.020 हें/ 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम कुमार S/O श्री हेमकान्त मिश्रा निवासी प्लाट नं- 151/2 स्ट्रीट-6 शक्ति विहार रिसाली भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ यह शपथ करता हूं कि मैने अपना पुराना नाम को त्याग दिया है तथा मेरा नया नाम राम कुमार मिश्रा S/O श्री हेमकान्त मिश्रा रख लिया है अत: आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम रामकुमार मिश्रा S/O श्री हेमकान्त मिश्रा से ही जाना पहचाना जावें।

शपथकर्ती — राम कुमार मिश्रा (मुहर)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका इब्दिया साहू आ./पति जगनू राम साहू निवासी पाउवारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पाउवारा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1072, 586/4, 587 रकबा 0.43, 0.06, 0.13 हे. भूमि जो की स्व. जगनू राम साहू पिता मिलन के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु स्व. जगनू की मृत्यु 01/4/20 हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 15.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.06.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग -1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-6/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र कुमार वर्मा आ. श्याम लाल वर्मा साकिन उतई के द्वारा ग्राम खोपली प.ह.न 43 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 782/1 रकबा 0.090 हे. भूमि उदेराम आ. मंगलू वगै. से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक .... को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणिकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायाालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग , उतई सर्किल (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-74 वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक महादेव पन्त पिता स्व. जय बहादुर पन्त उम्र 46 वर्ष निवासी क्वा. नं. 08/डी, सड़क नं. 12 से. 05 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम से मौजा पाउवारा प.ह.नं. 44 स्थित भूमि खसरा नं. 904/3 रकबा 0.014 हे. (1500 वर्गफीट) भूमि स्थित है। आवेदक के द्वारा अनावेदक को अपना ऋण पुस्तिका एवं आममुख्तयार नियुक्त कर प्रदान किया गया था। आममुख्तयार निरस्त कर ऋण पुस्तिका वापस मांगे जाने पर ऋण पुस्तिका को वापस नहीं किया गया है। व्यवहार न्यायालय में ऋण पुस्तिका जारी किए जाने बाबत निर्णय दिनांक 05.07.2018 को पारित किया गया है। आवेदक को ऋण पुस्तिका जारी किए जाने बाबत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 16.7.21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक दिनांक 30.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण वर्मा पिता बिसेलाल वर्मा निवासी जामुल द्वारा अपने माता की मृत्यु दिनांक 17.03.2007 को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आवेदन पत्र मय इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्स संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 20.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र.प्र.1अति.तह./2021 दुर्ग दिनांक 30.6.2021

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक तेजस्वी शर्मा आ. स्व. शिवनारायण तिवारी साकिन खेलीडीह द्वारा ग्राम खेलीडीह प.ह.न. ... रा.नि.मं..... दुर्ग - तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 483 रकबा 0.3500 हे. भू.रा. ...... रूपये से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 16.07.2021 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव पिता लल्लू श्रीवास्तव उर्फ बृ बिहारी निवासी ग्राम लुचकी पारा तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1127/76 रकबा 0.009 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बृज बिहारी आ. भवानी दीन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय कुमार देवांगन पिता मोहन लाल देवांगन निवासी वार्ड-39 डिपरा पारा दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 203/50 का टुकड़ा रकबा 835 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता आममुख्तयार अमृत लाल देवांगन पिता/पति भूखन लाल देवांगन से दिनांक 27.3.21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदक प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 13.07.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 22.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका नूतन साहू पति संजय निवासी ग्राम बोरीगारका तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोसरी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 340/20 रकबा 0.014 हे. भूमि को विक्रेता रूकमनी साहू पिता/पति राम कुमार साहू निवासी ग्राम पदमनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 08.02.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विश्राम सिंह पिता दयाराम निवासी ग्राम शीतला नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोसरी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 340/20 रकबा 1200 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता रूकमनी साहू पिता/पति राम कुमार साहू निवासी ग्राम पदमनाभपुर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 16.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अंजली मिश्रा पिता/पति रमेश कुमार मिश्रा निवासी ग्राम सांई नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कातुलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 104/11, 104/25 रकबा 0.0114, 0.0053 हे. भूमि को विक्रेता शंकर सिंह कोठारी पिता कन्हैया लाल कोठारी निवासी ग्राम कामठी लाईन राजनांदगांव से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 26.03.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मनोज कुमार साहू पिता रतीराम साहू निवासी ग्राम शिवाजी नगर तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम तितुरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 6/29 रकबा 0.010 हे. भूमि को विक्रेता आकांक्षा जैन पिता आर.के जैन निवासी ग्राम नेहरू नगर भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 14.08.2015 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 19.07.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.06.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202106101000163/202106101000163

विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कचान्दुर प.ह.न. 00017 (हे.)

पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार प्रहलाद कुमार तिवारी

अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक प्रहलाद कुमार तिवारी पिता/पति स्व. पंडित द्वारिकानाथ तिवारी पता. पदमनाभपुर आ द्वारा ग्राम कचान्दुर प.ह.न. 17 रा.नि.म. जामुल तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 111/2, 111/3 रकबा 1.71, 1.60 हे. जो उसके पत्नि अचला रानी तिवारी पति प्रहलाद कुमार तिवारी के नाम पर दर्ज है। भूस्वामी अचला रानी तिवारी पति प्रहलाद कुमार तिवारी की मृत्यु हो जाने के कारण मृतक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय खसरा बी.1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रस्तुत किया है। उक्त संबंध में आप जांच कर प्रतिवेदन पेशी दिनांक 14.07.21 के पूर्व भिजवाना सुनिश्चित करें।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.06.2021 को जारी किया जाता है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400542

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका आरती चन्द्राकर पति चित्रकांत चन्द्राकर निवासी बेरपारा कसारीडीह द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 55 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 76/28 रकबा 0.021 हें/ 2280 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400543

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका गिरिजा देवी चन्द्राकर पति विश्व विजय चन्द्राकर निवासी न्यू आदर्श नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 55 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 76/27 रकबा 0.011 हें/ 1170 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 30.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. 202106100400503

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका ममता शाहा पति के.के शाहा निवासी गजानंद नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम दुर्ग प.ह.न. 16/24 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1273/108 रकबा 0.020 हें/ 2279 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 29.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

राज्यपाल को कुलपति डॉ.पाटिल ने प्राकृतिक खेती के संबंध में जानकारी दी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के कुलपति डॉ. एस. के. पाटिल ने सौजन्य भेंट की और कृषि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदेश में प्राकृतिक खेती को लेकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

कुत्ते से टकरा कर गिरने से बाईक सवार की मौत, जांच में मामला आया सामने

रायपुर/नवप्रदेश। सड़क हादसे में घायल व्यक्ति मौत हो जाने की सूचना पर नेवरा थाना पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में जुटी थी। जांच में पता चला की मृतक स्वय की बाईक से जाते समय तेज गति से चलाने की वजह से कुत्ते से टकरा गया। जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार 26 जून को शाम 04 बजे नेवरा कृषि उपज मंडी के पास एक बाईक सवार व्यक्ति सड़क हादसे में गंभीर रुप से घायल हो जाने पर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक की पहचान रजनीश साउ पिता मिलन साउ के रुप में की गई है तथा हादसे की वजह रजनीश शाह द्वारा तेज रफ्तार से बाईक चलाने की वहज से जाते समय अचानक कुत्ते को देखकर ब्रेक लगाने पर वह गाड़ी सहित फिसलकर गिर गया। जिससे उसे गंभीर चोट लगी,इलाज के लिए उसे अस्पताल में भर्ती किया गया था जहां उसकी 1 जुलाई को उपचार के दौरान मौत हो गई। जांच के बाद पुलिस ने बाईक सवार खिलाफ धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

शादी में गए दंपति के मकान का ताला तोड़कर नगदी एवं चांदी का पायल चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। शादी समारोह में गए दंपति के घर का ताला तोड़कर नगदी रुपये एवं चांदी का पायल चोरी कर लेने की रिपोर्ट तिल्दा नेवरा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम टण्डवा भाटापारा निवासी ईश्वर दास बघेल 67 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी अपनी पत्नी के साथ घर में ताला लगाकर 27 जून को विवाह कार्यक्रम में शामिल होने दुर्ग जिला अंतर्गत रामपुर चोरहा गया था। 1 जुलाई को दोपहर 3 बजे जब वह वापस अपने घर टण्डवा आया तब घर के उपर छत का दरवाजा टुटा हुआ मिला। कमरे के अंदर जाकर देखने पर आलमारी का लॉक टुटा हुआ था व उसके रखा नगदी 15 हजार रुपये नही था एवं पलंग के अंदर लेडिस पर्स में रखा 24 तोला का चांदी का पायल कीमत 20 हजार रुपये भी नही मिला। किसी अज्ञात चोर ने छत के उपर दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में प्रवेश कर नगदी रुपये व चांदी का पायल चोरी कर लिया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 380,457 के तहत अपराध कामय कर मामला दर्ज कर लिया है।

कंपनी में काम करने के दौरान मशीन की चपेट में आने से मजदूर झुलसा

रायपुर/नवप्रदेश। कंपनी में काम करने के दौरान मशीन से गर्म माल गिरने की वजह से मजदूर उसकी चपेट में आकर झुलस गया। मामले की शिकायत सिलतरा धरसींवा थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार विनोद प्रसाद 37 वर्ष पिता बुद्धु प्रसाद ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी नवीन सिलतरा में पिछले डेढ़ वर्ष से काम कर रहा है। 1 जुलाई को प्रात 7.15 बजे नवीन कंपनी सिलतरा में प्रार्थी अपने साथी मोहन एवं विरेन्द्र तिवारी के साथ लुपर में काम कर रहा था उसी समय मशीन में खराबी व गड़बड़ी आ जाने से माल ज्यादा आ गया। जिसके चलते उसके पैर में स्ट्रीप लपटा गया। जिससे पेट,पीट व सीना झुलस गया। प्रार्थी को उसके साथी उठाकर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के बाद थाने आकर मामले की शिकायत दर्ज करायी है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने कंपनी कंपनी मालिक के खिलाफ बिना सुरक्षा व्यवस्था लापरवाही पूर्वक मजदूरों से काम करने के जुर्म में धारा 287,337 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

सट्टा-पट्टी व नगदी के साथ एक गिरफ्तार, जुआ एक्ट का मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। सट्टा-पट्टी लिखने की सूचना पर पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से सट्टा-पट्टी तथा नगदी रुपये जब्त की है। मिली जानकारी के अनुसार तिल्दा नेवरा पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर 1 जुलाई को शाम 5.30 बजे के करीब सासाहोली ओव्हरब्रिज के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा है। पकड़े गए व्यक्ति का नाम पुछने पर उसने राजेन्द्र साहू 24 वर्ष पिता संतोष साहू बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से सट्टा पट्टी जिसमें विभिन्न अंकों के माध्यम से रुपये-पैसे का दाव लिखा हुआ व एक डांट पेन एवं नगदी 3040 रुपये बरामद की है। आरोपी के खिलाफ जुआ एक्ट की धारा 4(क)के तहत कार्रवाही कर जमानतीय मुचलका पर रिहा कर दिया गया है।

घर के सामने खड़ी बाईक को कर दिया आग के हवाले, मामला दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। घर के सामने खड़ी बाईक में किसी ने आग लगाकर जला दिया। जिसके चलते गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। मामले की शिकायत खमतराई थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वरनगर भनपुरी खमतराई निवासी पिंकल तिर्की 42 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 30 जून को रात 10.30 बजे प्रार्थी अपनी बजाज पल्सर मोटरसाइकिल को अपने घर के सामने खड़ी करके कमरे में चला गया था। सुबह उठा तब किसी ने बाईक में आग लगाकर जला दिया था जिसके चलते बाईक जलकर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो जाने से करीब 10 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 435 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

अंत्योदय स्वरोजगार योजना के तहत 6 हजार एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना में 2 हजार का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

- छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम
- रायपुर के संचालक मण्डल की 39 वीं बैठक संपन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य अंत्यावसायी सहकारी वित्त एवं विकास निगम रायपुर के संचालक मंडल की 39 वी बैठक श्री धनेश पाटिला की अध्यक्षता एवं उपाध्यक्ष सुश्री नीता लोधी की उपस्थिति में निगम मुख्यालय आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान भवन में सम्पन्न हुई। बैठक में कुल 13 विषय एजेंडा में रखे गए। निगम द्वारा संचालित योजनाओं के लक्ष्य एवं उपलब्धि की समीक्षा की गई। निगम के अध्यक्ष श्री धनेश पाटिला ने वर्ष 2021-22 में दिए गए लक्ष्य जिसमें अंत्योदय स्वरोजगार योजना के 6000 एवं आदिवासी स्वरोजगार योजना में 2000 लक्ष्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

निगम द्वारा संचालित ट्रेक्टर ट्राली योजना में लिए जा रहे 8 प्रतिशत ब्याज को कम करने के संबंध में विभिन्न बैंकों एवं शासकीय एजेंसी कृषि विभाग द्वारा संचालित ट्रेक्टर ट्राली योजना के दिशा-निर्देश का अध्ययन कर ऋण एवं अनुदान प्राप्त करने की सरल प्रक्रिया के निर्धारण हेतु चर्चा की गई। निगम द्वारा वितरित किए गए ऋणों की वसूली को समतुल्य करने के दिशा में शासन से ओवरड्यू की राशि बजट प्रस्ताव में रखने के प्रस्ताव पर भी चर्चा उपरान्त सहमति दी गई।

निगम के मृत अधिकरी कर्मचरी के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति दिए जाने के चार प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि गुणदोष के आधार पर पात्रता अनुसार शीघ्र कार्यवाही कर नियुक्ति दी जाये।

अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष ने सुझाव दिया कि निगम की आय वृद्धि योजना के अन्तर्गत नवीन पेट्रोल पम्प की स्थापना के लिए प्राप्त प्रस्ताव कोंडागांव, मुंगेली, रायगढ़, जशपुर एवं बस्तर पर शीघ्र कार्यवाही करते हुए इसकी स्थापना की कार्यवाही की जाये। बैठक में 12 जिलों के लिए तैयार किए गए नवीन सेटअप की स्वीकृति के लिए वित्त विभाग से आए प्रतिनिधि से कहा कि निगम द्वारा प्रेषित सेटअप को शीघ्र स्वीकृति दी जावे।

इस अवसर पर प्रबंध संचालक श्रीमती शम्मी आबिदी, श्री ए.के.पाण्डेय, वित्त, आदिम जाति कल्याण विभाग, परिवहन विभाग, ग्रामोद्योग विभाग, कृषि विभाग, पंजीयक सहकारिता के अधिकारी उपस्थित थे।

सीए दिवस के उपलक्ष्य में कृति ग्रुप के छात्रों ने किया भंवर बोराना से वर्चुअल संवाद

रायपुर/नवप्रदेश। वर्ष 2020-2021 सभी के लिए अभूतपूर्व चुनौती लेकर आया है। इस समय में बहुत से नियम कानून भी संशोधित किए गए। जिसकी जानकारी सबको होना अनिवार्य है। इसी उद्देश्य से कल सी ए दिवस पर कृति ग्रुप द्वारा इंटरनेट के द्वारा वर्चुअल वेबिनार का इस वेबिनार में इंटरनेट के माध्यम से सीए भंवर बोराना विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने छात्रों को कोविड-19 की परिस्थिति में हर संभावित परिदृश्य एवं उससे उपजी हुई चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आज की परिस्थितियों का महत्व को समझते हुए उन्होंने कहा कि विगत कुछ महीने से अपने देश में लॉकडाउन जारी था जिसके कारण केंद्र सरकार ने आर्थिक पैकेज की घोषणा की है जिसके कार्यान्वयन में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

वेबिनार में उपस्थित छात्रों ने मौके का फायदा उठाकर अपने मन में चल रहे सवालों को बिना हिचकिचाए पूछे। उनमें से एक छात्रा कृतिका ने पूछा कि क्या सी ए बने के लिए कोचिंग जाना अनिवार्य है या हम घर में भी इसकी तैयारी कर सकते है। इस सवाल का उत्तर देते हुए अतिथि भंवर बोराना ने बताया कि अगर अपने ठान लिया है तो आप इसकी तैयारी पूरे मन से करे।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने डॉक्टर्स डे पर दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। बैक ऑफ बड़ौदा सदैव सामाजिक कार्य में अपना योगदान देता रहा है. इसी कड़ी में बैंक के उप क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार यादव ने बिलासपुर शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टरों को डॉक्टर्स डे पर पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं. साथ ही कॉविड 19 जैसी महामारी में डॉक्टर्स द्वारा अपना अमूल्य जीवन दांव पर लगाकर आमजन के जीवन की रक्षा हेतु दी जा रही समर्पित सेवा की भूरि भूरि प्रशंसा की. इस अवसर पर बैंक आफबडौदा, बिलासपुर क्षेत्र के उप क्षेत्रीय प्रबंधक श्री प्रदीप कुमार यादव एवं बैंक ऑफ बड़ौदा, बिलासपुर क्षेत्र के अधिकारी गण भी उपस्थित रहे।

वेदांता का 'ग्रीन हट्र्स' अभियान देशभर में दस लाख पेड़ लगाने के लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। भारत में एल्युमीनियम और इसके वैल्यू एडेड उत्पादों की सबसे बड़ी उत्पादक वेदांता एल्युमीनियम ने कोविड वारियर्स और महामारी से प्रभावित लोगों के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए सभी को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करते हुए ' ग्रीन हट्र्स'अभियान शुरू किया है। वेदांता केयर्स ग्रीन कवर प्रोजेक्ट के तहत की गई इस पहल के दो लक्ष्य हैं - हर किसी को प्रभावित करने वाली इस महामारी के दौर में बेहतर भविष्य की उम्मीद के साथ सबको एकजुट करना तथा कोविड वारियर्स के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए एवं कोविड से लड़ाई में जान गंवाने वालों की याद में लोगों को पौधारोपण के लिए प्रोत्साहित करना।

देशभर में 10 लाख पेड़ लगाने के लक्ष्य के साथ विश्व पर्यावरण दिवस पर वेदांता केयर्स ग्रीन कवर पहल की शुरुआत की गई थी। वेदांता एल्युमीनियम की ओर से ' ग्रीन हट्र्स' कैंपेन देशभर में लोगों को एकजुट करने और बेहतर एवं हरित भविष्य की आशा में एक पेड़ लगाने के लिए प्रोत्साहित करने की एक पहल है। वेदांता लिमिटेड के एल्युमीनियम बिजनेस के सीईओ राहुल शर्मा ने कहा, 'वैश्विक महामारी ने हम सभी को प्रभावित किया है। हजारों लोग अभी भी महामारी और इसके कई परिणामों से जूझ रहे हैंऔर इस बीच कोविड वारियर्स सभी को सुरक्षित रखने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इस वन महोत्सव सप्ताह के दौरान हम आपको पौधे लगाकर उनके साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। वेदांत एल्युमीनियम मेंहमारा प्रयास आर्थिक, पर्यावरण और सामाजिक क्षेत्र में सतत मूल्य निर्माण का रहता है।

इसमें अपने साथ जुड़े लोगों और स्थानीय समुदायों के जीवन और आजीविका में सुधार के कदम शामिल हैं।

राज्यपाल उईके का चेम्बर ऑफ कॉमर्स के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने किया सम्मान

- सौजन्य भेंट कर दी गतिविधियों की जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री अमर परवानी के नेतृत्व में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी ने सौजन्य भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को चेम्बर ऑफ कॉमर्स की गतिविधियों की जानकारी दी। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल का प्रतीक चिन्ह और शॉल देकर सम्मान किया।

राज्यपाल ने कहा कि चेम्बर ऑफकॉमर्स व्यापारियों के हित के साथ-साथ जनहित में कार्य करने वाली संस्था है। उनके द्वारा कोरोना काल में जो कार्य किये गए वह सराहनीय है। संस्था द्वारा व्यापारियों के लिए कोरोना टीकाकरण के लिए शिविर लगाए गए हैं, जिसमें कई व्यापारी लाभान्वित हुए हैं। यह बहुत अच्छी पहल है। इससे ही हम कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण कर पाएंगे और प्रदेश को कोरोना मुक्त कर पाएंगे। प्रतिनिधिमण्डल ने राज्यपाल को जानकारी दी कि पूरे प्रदेश में कोरोना टीकाकरण के लिए करीब 150 शिविर लगाए गए हैं और आगे भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को लेकर अच्छी संभावनाएं हैं। यदि लोग इसके प्रति जागरूक होंगे तो बिजली की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है और आदिवासी क्षेत्रों में भी बिजली मुहैया कराई जा सकती है।

प्रतिनिधिमण्डल में चेम्बर ऑफकॉमर्स के उपाध्यक्ष श्री नरेन्द्र हरचंदानी, कोषाध्यक्ष श्री उत्तम गोलछा, प्रदेश मंत्री श्री जितेन्द्र गोलछा सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा 'राष्ट्रीय डॉक्टर दिवस' पर डॉक्टरों का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर, मध्य भारत का एक अग्रणीय विश्वविद्यालय है जहां देश-विदेश के हजारों छात्र अपने भविष्य को साकार करने के लिए कुशल शिक्षकों के मार्गदर्शन में निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर हैं।

कलिंगा विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए भी निरंतर प्रयास करता रहता है। साथ ही समाज के अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ठ योगदान के लिए समय-समय पर विभिन्न विशेषज्ञों का सम्मान भी करता है।

आज दिनांक 1 जुलाई 2021 को कलिंगा विश्वविद्यालय द्वारा रायपुर शहर के अनेक डॉक्टरों का सम्मान किया गया जिन्होंने पिछले एक वर्ष में अपने घर परिवार कि सुध-बुध भुलाकर कोरोना से लड़ने में भरपुर योगदान दिया उनके इस उत्कृष्ठ योगदान का सम्मान करते हुए कलिंगा विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. विभाग के संयोजक श्रीमति स्मिता प्रेमानंद, छात्र कल्याण अधिष्ठता डॉ. आशा अम्भईकर, हॉस्टल के चीफवॉर्डन प्रोफेसर ए. विजयानंद तथा कला एवं मानविकीय संकाय कि शिक्षिका कु. अविनाश कौर ने विभिन्न सरकारी तथा निजी अस्पताल में जाकर डॉक्टरों को सम्मानित किया।

सम्मानित किये गये डॉक्टरों की सूची निम्नानुसार है :-

डॉ. मीरा बघेल, सीएमएचओ जिला रायपुर, डॉ. के. एस. राय, बीएमओ तहशिल आरंग, डॉ. शोभा निषाद, आरंग, डॉ. शिल्पा कटारिया, आरंग, डॉ. प्रियंका उपाध्याय, आरंग, डॉ. भुपेश कुमार गेंदरे, आरंग, डॉ. सचिन द्विवेदी, आरंग, डॉ. मनीष मजोलवार, रायपुर डॉ. प्रिती सिंह, देवी लक्ष्मी हॉस्पीटल, रायपुर, डॉ. अंकुर गुप्ता, सद्भावना हॉस्पीटल, नया रायपुर, डॉ. ज्योत्सना गाँधी गुप्ता, सद्भावना हॉस्पीटल, नया रायपुर, डॉ. श्रिया अम्भईकर, रायपुर।

शिक्षकों की भर्ती को लेकर रमन सिंह ने मुख्यमंत्री बघेल पर कसा तंज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह ने प्रदेश में शिक्षकों की भर्ती को लेकर एक बार फिर ट्वीट कर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर तंज कसा है।

डा. सिंह ने सड़कों पर शिक्षकों द्वारा भर्ती की मांग को लेकर जूते पॉलिश व मुंडन कराकर किये गये प्रदर्शन का विडियो पोस्ट करते हुए कहा कि विज्ञापनों और मुख्यमंत्री के बयानों में 14580 शिक्षकों की भर्ती हो गई है तो फिर यह यह जो लोग सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं वो कौन हैं। उन्होंने कहा कि युवा जूते पॉलिश व मुंडन कराकर हक के लिए लड़ रहे हैं लेकिन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार को अब कुछ सुनाई नहीं देता। डा. सिंह ने कहा कि सरकार अब बस यह कह देंगे हमने कब कहा था भर्ती करेंगे।

मनरेगा मजदूरी भुगतान में आ रही समस्याओं का समाधान के निर्देश

- मनरेगा आयुक्त ने जिला पंचायतों के सीईओ को भेजा परिपत्र

रायपुर/नवप्रदेश। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) आयुक्त श्री मोहम्मद कैसर अब्दुलहक ने मनरेगा श्रमिकों के बैंक खातों के माध्यम से मजदूरी भुगतान के दौरान आ रही ट्रान्जेक्शन रिजेक्शन्स की समस्याओं को समय-सीमा में दूर करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को परिपत्र जारी कर ट्रान्जेक्शन्स रिजेक्शन वाले मामलों में मनरेगा श्रमिकों को बैंक से जारी पास-बुक में अंकित नाम व खाता क्रमांक के आधार पर नरेगा सॉफ्टवेयर (नरेगा-सॉफ्ट) में दर्ज श्रमिकों के नाम व खाता क्रमांक को अद्यतन कर सुधरवाने कहा है। उन्होंने मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत प्रोग्रामरों व सहायक प्रोग्रामरों के जरिए त्रुटियों को समय-सीमा में ठीक करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में ट्रान्जेक्शन रिजेक्शन जैसे मामलों की पुनरावृत्ति न हो।

राज्य मनरेगा आयुक्त ने जिला पंचायतों के सीईओ को जारी परिपत्र में कहा है कि मनरेगा के अंतर्गत मजदूरी भुगतान निर्धारित समय-सीमा में किया जाना है, किंतु श्रमिकों के खातों में विभिन्न प्रकार की समस्याओं के कारण मजदूरी भुगतान के ट्रांजेक्शन रिजेक्ट हो रहे हैं। इससे श्रमिकों को समय पर भुगतान नहीं मिल पाता है। ट्रांजेक्शन रिजेक्ट होने के प्रमुख कारणों में अमान्य खाता प्रकार, ऐसा कोई खाता नहीं, खाता बंद या स्थानांतरित, निष्क्रिय आधार, केवाईसी अपडेट नहीं, खाता मौजूद नहीं है, आधार को खाते से नहीं जोड़ा गया, बैंकों के मर्ज होने की स्थिति में अमान्य बैंक पहचानकर्ता, आई.एफ एस. कोड का गलत होना एवं दावारहित खाता हैं।

सौगात अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने ग्रामीण भारत को सशक्त करने के लिए 5 हजार करोड़ रुपयों के निवेश का संकल्प लिया

अगले 5 वर्षों में भारत के सामाजिक विकास को मजबूत करने के लिए योजना का शुभारंभ

- अनिल अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा महिला एवं बाल विकास पर ध्यान केंद्रित कर 2 करोड़ महिलाओं और 7 करोड़ बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव का लक्ष्य

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के प्रमुख प्राकृतिक संसाधन उत्पादक वेदांता समूह द्वारा पोषण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य देखभाल, पशु कल्याण और बुनियादी स्तर के खेलों पर ध्यान देने के साथ ही राज्यों में गांवों को कोरोना महामारी से मुक्त करने के लिय 5,000 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। इस प्रकार का यह पहला सामाजिक प्रभाव कार्यक्रम अनिल अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में चलाया जाएगा जो वेदांता की सामाजिक पहल के अंतर्गत संचालित होगा एवं आगामी पांच वर्षों में इन लक्ष्यों की दिशा में कार्य के लिए सर्वांगीण विकास प्रदान करेगी। कंपनी समुदायों के साथ सर्वांगीण विकास में दृढ़ता से विश्वास करती है और श्री अनिल अग्रवाल ने पहले ही अपनी संपत्ति का 75 प्रतिशत सामाजिक भलाई और जनता के उत्थान के लिए देने का संकल्प लिया है।

'स्वस्थ गांव अभियान' एक बड़ी परियोजना होगी जो राष्ट्र के लिए एक आवश्यक सेवा के रूप में सामाजिक विकास और बुनियादी ढांचे को प्रदान करने के समग्र उद्देश्य के हिस्से के रूप में, कोविड के न्यूनतम प्रभाव को सुनिश्चित करने के लिए 'समुदाय में प्रतिरक्षा' को बढ़ाएगी। इसके अलावा युवाओं कौशल विकास से जोड कर उन्हें रोजगार अवसरों को भी बढ़ाने के साथ स्थिरता और प्रगति लाएगा जो भारत के लिए आर्थिक विकास की कुंजी है। इस वृहद कार्यक्रम को लागू करने में केपीएमजी अनिल अग्रवाल फाउण्डेशन का नीति विषयक साझेदार होगा।

ग्रामीण भारत के विकास के लिए 5000 करोड़ रुपये के समग्र पहल की घोषणा करते हुए, चेयमैन अनिल अग्रवाल ने कहा, कि हमारा लक्ष्य समग्र प्रयासों से सस्टेनेबल और सर्वांगीण विकास हेतु सुविधा प्रदान कर समुदाय का संरक्षण है जो कि समय की आवश्यकता है। स्वस्थ गांव अभियान पहल 1000 गांवों को सम्मिलित करते हुए ग्रामीण परिदृश्य में संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा समाधान प्रदान करने की ओर पहला कदम है। यह कार्यक्रम वेदांता की प्रमुख नंद घर परियोजना का भी पूरक होगा, जिसका उद्देश्य 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं को लाभान्वित करना है। उन्होंने कहा कि, मुख्यतयाः हम सामाजिक सुधार में सहयोग और इसे सुनिश्चित करने के लिए 'बेहतर निर्माण' पर बल दे रहे है, जो अपेक्षित स्वास्थ्य की बुनियादी सुविधाओं के सहयोग से संभव है। प्रमुख पहल, 'स्वस्थ गांव अभियान' के तहत, अनिल अग्रवाल फाउंडेशन ने देश के 24 जिलों और 12 राज्यों के 1,000 गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं को सहयोग देने और मजबूत करने की योजना बनाई है, जिससे 20 लाख से अधिक लोग लाभान्वितहोंगे। यह पहल जिला स्तर पर ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों, टेलीमेडिसिन सेवाओं, चिकित्सा और नैदानिक बुनियादी आवश्यकताओं के उन्नयन और मोबाइल मेडिकल वैन एवं एम्बुलेंस जैसे माध्यमों के मॉडल पर अधारित होगी। सुविधा को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिला अस्पतालों में विशिष्ट जरूरतों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता के अनुसार उनमें सहयोग की योजना बनाई जाएगी।

समुदायों के लिए सुरक्षा प्रदान करने और स्वास्थ्य सेवाओं में निवेश करने के लिए राज्य सरकारों या जिलों के सहयोग से कोविड -19 के प्रभाव को कम करने के लिए 'स्वस्थ गांव अभियान' के तहत प्रमुख निवेश किया जाएगा। दूर-दराज के क्षेत्रों में लगाए जा रहे विशेष चिकित्सा एवं आरोग्य शिविरों के माध्यम से टीकाकरण को बढ़ावा देने के प्रयास किए जाएगें। गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करने के लिए जिलावार अस्पतालों और स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों में भी चिकित्सा सुविधाओं का प्रावधान किया जाएगा।

अनिल अग्रवाल फाउंडेशन अपनी नवीन पहल के तहत् पशु कल्याण के लिए आश्रय और सहायता प्रदान करने पर भी ध्यान देगा। महिलाओं और बाल विकास के लिए प्रमुख परियोजना नंद घर का विस्तार जारी रहेगा, जिसका लक्ष्य देश भर में 7 करोड़ बच्चों और 2 करोड़ महिलाओं को लाभान्वित करना है।

संपादकीय

एक और सर्जिकल स्ट्राइक जरूरी

पड़ौसी देश आतंकिस्तान इस कोरोनाकाल में भी अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उस कायरिस्तान में इतना दम नहीं है कि वह भारत से सीधी लड़ाई लड़ सके। इसलिए वह लगातार सीमा पार से आतंकवाद की आग को हवा देने का काम कर रहा है। किन्तु भारतीय सेना और सुरक्षा बलों की सतर्कता के चलते उसकी ऐसी कोशिशें कामयाब नहीं हो पा रही है। जम्मू कश्मीर से 370 के खात्मे के बाद से भारतीय सेना ने वहां बचे खुचे आतंकवादियों को जहन्नूम रसीद करने का अभियान चला रखा है। चुन चुन कर आतंकवादियों को 72 हूरों के पास रवाना किया जा रहा है, इससे आतंकिस्तान और बौखला गया है। अब उसने भारत के खिलाफ ड्रोन वाली साजिश रचि है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र में इसकी शिकायत की है और पाकिस्तान के सामने भी अपना विरोध दर्ज कराया है, इससे पाकिस्तान पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। वह हमेशा की तरह फिर झूठ बोलेगा और ड्रोन साजिश के पीछे अपना हाथ होने से इंकार कर देगा। ऐसी स्थिति में भारत के सामने एक ही रास्ता रह जाता है कि वह पाकिस्तान को उसी भाषा में जवाब दें जो उसे समझ में आती है। पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक करने की जरूरत बड़ी शिद्दत से महसूस की जा रही है। इसके लिए सरकार को चाहिए कि वह सेना को खुली छूट दें ताकि वह उपयुक्त अवसर देखकर पाकिस्तान के खिलाफ एक और बड़ी सर्जिकल स्टाइक करें तभी आतंकिस्तान को सबक मिलेगा अन्यथा वो इसी तरह भारत के खिलाफ षडयंत्र रचता रहेगा। गौरतलब है कि जब से जम्मू कश्मीर में 370 का खात्मा हुआ है और वहां शांती बहाल हो रही है इससे पाकिस्तान के पेट में मरोड़ उठ रही है। उसे लग रहा है कि कश्मीर मुद्दा अब उसके हाथ से निकल गया है और अब भारत पाक अधिकृत कश्मीर पर भी कब्जा न कर लें। यही वजह है कि पाकिस्तान अपना आपा खो चुका है और भारत के खिलाफ उसने छद्म युद्ध तेज कर दिया है। इस काम में उसे उसके नए आका चीन की भी मदद मिल रही है। बहरहाल अब पानी सिर से ऊंचा होने लगा है इसके पहले की पाकिस्तान और कोई दु:साहस करें उसको मुहतोड़ जवाब देना निहायत जरूरी है जो एक और सर्जिकल स्ट्राईक ही हो सकती है।

विचार

हिंदुआना हरकतः हिंदुआना आदत

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अमेरिका के प्यू रिसर्च सेंटर ने भारत की जनता के बारे में एक बड़ा रोचक सर्वेक्षण उपस्थित किया है। उसने भारत के लगभग तीस हजार लोगों से पूछताछ करके कुछ निष्कर्ष दुनिया के सामने रखे हैं। उसने भारत के विभिन्न धर्मों के प्रति लोगों की राय इकट्ठी की है। उस राय को पढ़कर लगता है कि धर्म-निरपेक्षता या पंथ-निरपेक्षता की दृष्टि से भारत दुनिया का शायद सर्वश्रेष्ठ देश है। इस सर्वेक्षण में भारत के हिंदू, मुसलमान, सिख, जैन, बौद्ध, ईसाई और आदिवासियों से भी सवाल पूछे गए थे। 84 प्रतिशत लोगों ने कहा कि किसी भी 'सच्चे भारतीय' के लिए यह जरुरी है कि वह सभी धर्मों का सम्मान करे। 80 प्रतिशत लोगों ने कहा कि भारत में उनको उनके धर्म के पालन की पूर्ण स्वतंत्रता है। लेकिन उनमें से ज्यादातर लोगों ने कहा कि उनका गहरा संबंध और व्यवहार प्राय: अपने ही धर्म के लोगों के साथ ही होता है। उनका यह भी मानना था कि अंतरधार्मिक विवाह अनुचित हैं। कुछ हिंदुओं की मान्यता यह भी थी कि सच्चा भारतीय वही हो सकता है, जो हिंदू है या हिंदीभाषी हैं इस तरह की बात कहनेवाले कौन लोग हो सकते हैं ? यह सर्वेक्षण इस प्रश्न का जवाब नहीं देता है लेकिन हम अंदाज लगा सकते हैं। ये लोग वे हो सकते हैं, जिन्हें हम बुद्धिजीवी नहीं कह सकते हैं। ये साधारण समझवाले लोग हैं। यह जरुरी नहीं कि इनके दिलों में अहिंदुओं या अहिंदीभाषियों के लिए कोई कटुता या दुर्भावना ही हो। अपनी मोटी समझ और उथले अनुभव के आधार पर उन्होंने अपनी उक्त राय जाहिर की होगी लेकिन खान-पान को लेकर तो लगभग सभी लोगों की राय साफऔर लगभग एक-जैसी है। याने जो गोमांस खाए, वह हिंदू नहीं हो सकता और जो सूअर का मांस खाए, वह मुसलमान नहीं हो सकता। इसी प्रकार जातीय समीकरणों के बारे में ज्यादातर लोगों की राय (64 प्रतिशत) यह है कि अंतरजातीय विवाह नहीं होने चाहिए। अंतरधार्मिक विवाहों के बारे में भी ज्यादातर लोगों (64 प्रतिशत) की राय यही है। मेरी समझ में भारत की एकता और समरसता के लिहाज से यह राय ठीक नहीं है, हालांकि इन धार्मिक और जातीय बंधनों का टूटना आसान नहीं है। इन बंधनों को चूर-चूर होते हुए अपनी आंखों से मैंने अंडमान-निकोबार और सूरिनाम में देखा है। एक ही परिवार में विभिन्न धर्मों के पति-पत्नी को मैंने बहुत प्रेम से रहते हुए देखा है। मोरिशस में अंतरजातीय परिवारों की भरमार है। मेरे अपने मित्रों के ऐसे सैकड़ों परिवार देश-विदेश में हैं, जो अंतरधार्मिक और अंतरजातीय हैं। यह कितनी विचित्र बात है कि लोग मुसलमान और ईसाई तो बन जाते हैं लेकिन वे अपनी जात नहीं भूल पाते हैं। इसे मेरे कुछ पाकिस्तानी मित्र 'हिंदुआना हरकत' कहते रहे हैं। भारत के इस जातिवाद के आगे इस्लाम और ईसाइयत भी पस्त है। लेकिन मैं अपने पाकिस्तानी मित्रों से पूछता रहता हूं कि सब धर्मों के प्रति सहनशीलता की यह 'हिंदुआना आदत' सभी मजहबी लोग क्या कभी अपने में पैदा कर पाएंगे ?

मुआवजे का सुप्रीम आदेश

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> क्या कोविड जैसी महामारी सामान्य आपदा है? बहरहाल सर्वोच्च अदालत के न्यायमूर्ति अशोक भूषण सेवानिवृत्त होने से पहले यह ऐतिहासिक और मानवीय फैसला दे गए हैं कि मुआवजा देने के लिए फंड के कुतर्क नहीं दिए जा सकते। यह सरकार का प्राथमिक, बुनियादी और मौलिक दायित्व है कि आपदा-पीड़ितों के कष्ट साझा किए जाएं। उन्हें दोबारा उठने और खुद को संजोने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। आजीविका के संसाधन मुहैया कराए जाएं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिलहाल यह दायित्व निभाने में प्राधिकरण (और केंद्र सरकार भी) नाकाम रहे हैं। कोरोना वायरस के कारण कुल दर्ज मौतें 4 लाख के करीब हैं। यदि प्रत्येक मामले में 4 लाख रुपए का भी मुआवजा दिया जाता है, तो कुल राशि 16,000 करोड़ रुपए बनती है। जिस सरकार ने बीते साल पेट्रोलियम पदार्थों पर एक्साइज टैक्स लगाकर ही 4 लाख करोड़ रुपए वसूले हैं। जीएसटी के जरिए 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाया गया है। इस देश का प्रत्येक नागरिक प्रभारों, अधिभारों, उपकर, वैट, शिक्षा टैक्स आदि कोई न कोई टैक्स जरूर अदा करता रहा है।

कोरोना महामारी का दंश झेल रहे लोगों के लिए सुप्रीम कोर्ट का ताजा आदेश राहत भरी खबर लाया है। सुप्रीम अदालत ने केंद्र सरकार को पिछले दिनों आदेश दिया है कि वैश्विक महामारी कोरोना से जिसकी मौत हुई है, उसके परिजनों को मुआवजा दिया जाए। कुछ वक्त लग सकता है या अनुग्रह-राशि कुछ कम हो सकती है अथवा गरीबी-रेखा के नीचे वाले परिवारों को प्राथमिकता के स्तर पर आर्थिक राहत दी जा सकती है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि मुआवजा तो देना ही होगा।

केंद्र सरकार ने कहा कि सरकारी संसाधनों की एक सीमा होती है। केंद्र ने यह भी कहा है कि अगर इस तरह से मुआवजा दिया गया तो वर्ष 2021-22 के लिए राज्य आपदा राहत कोष (एसडीआरएफ) के लिए आवंटित राशि 22184 करोड़ रुपये इस मद में ही खर्च हो जाएंगे और इससे महामारी के खिलाफ लड़ाई में उपयोग होने वाली राशि प्रभावित होगी। चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि राज्य सरकारों की वित्तीय सामर्थ्य से परे है। पहले से ही राज्य सरकारों और केंद्र सरकार के वित्त पर भारी दबाव है। एक तरफ जहां करोना की वजह से स्वास्थ्य व्यवस्था पर सरकार को बहुत पैसा खर्च करना पड़ रहा है, वहीं टैक्स वसूली भी बहुत कम हो गई है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों की आर्थिक स्थिति पर काफी दबाव पड़ा है। इसलिए सरकार करोना पीड़ित परिवार को चार लाख रुपया मुआवजे या आर्थिक मदद के तौर पर नहीं दे सकती। इतना पैसा खर्च करने से कोरोना से लड़ने में सरकार की कोशिशों पर असर पड़ेगा। मुआवजा देने से फायदा कम और नुकसान ज्यादा होगा।

भारत सरकार ने कोविड के प्रत्येक मृतक के परिजनों को 4 लाख रुपए का मुआवजा देने में असमर्थता जताई थी, लिहाजा सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के विवेक पर ही यह निर्णय छोड़ दिया है कि मुआवजा कितना होगा। अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद एनडीएमए को ही 6 सप्ताह में दिशा-निर्देश तय करने होंगे और राज्यों के साथ साझा करने होंगे। अब सरकारें यह रोना नहीं रो सकतीं कि मुआवजा देने में ही पूरा फंड समाप्त हो जाएगा। यह दलील भी नहीं चलेगी कि फिर कोरोना से लड़ने, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के लिए धनराशि खर्च करना मुश्किल हो जाएगा। सरकार ने आपदा प्रबंधन के तहत 12 आपदाओं को तय कर रखा है, जिनमें

मुआवजा देने की व्यवस्था है। भूकम्प, बाढ़, चक्रवात आदि ऐसी ही प्राकृतिक आपदाएं मानी गई हैं।

क्या कोविड जैसी महामारी सामान्य आपदा है? बहरहाल सर्वोच्च अदालत के न्यायमूर्ति अशोक भूषण सेवानिवृत्त होने से पहले यह ऐतिहासिक और मानवीय फैसला दे गए हैं कि मुआवजा देने के लिए फंड के कुतर्क नहीं दिए जा सकते। यह सरकार का प्राथमिक, बुनियादी और मौलिक दायित्व है कि आपदा-पीडितों के कष्ट साझा किए जाएं। उन्हें दोबारा उठने और खुद को संजोने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। आजीविका के संसाधन मुहैया कराए जाएं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि फिलहाल यह दायित्व निभाने में प्राधिकरण (और केंद्र सरकार भी) नाकाम रहे हैं। कोरोना वायरस के कारण कुल दर्ज मौतें 4 लाख के करीब हैं। यदि प्रत्येक मामले में 4 लाख रुपए का भी मुआवजा दिया जाता है, तो कुल राशि 16,000 करोड़ रुपए बनती है। जिस सरकार ने बीते साल पेट्रोलियम पदार्थों पर एक्साइज टैक्स लगाकर ही 4 लाख करोड़ रुपए वसूले हैं। जीएसटी के जरिए 1 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा जुटाया गया है। इस देश का प्रत्येक नागरिक प्रभारों, अधिभारों, उपकर, वैट, शिक्षा टैक्स आदि कोई न कोई टैक्स जरूर अदा करता रहा है। आयकर और कॉरपोरेट टैक्स देने वालों की जमात तो निश्चित है। करीब 3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश में 16,000 करोड़ रुपए का अनुग्रह क्या मायने रखता है? सरकार के पास देश के नागरिकों का ही पैसा है। उस पूंजी पर पहला अधिकार पीडित नागरिक का है।

वह सकल राशि किसी सरकार की बपौती नहीं है। यदि आपदाओं और त्रासदी में भी मुआवजा देकर सरकार अपने ही नागरिकों को संबल नहीं देगी, तो अनाम, असमय और अप्राकृतिक मौतों के सिलसिले सामने दिखाई देने लगेंगे। तब सरकार की जवाबदेही क्या होगी? भारत सरकार और हम नागरिक भी खासकर अमरीका, ब्रिटेन, यूरोप, जापान आदि से तुलनाओं के आदी हैं। हालांकि यह सैद्धांतिक रूप से गलत है। फिर भी कोरोना-काल की तुलना करें, तो अमरीका ने अपने नागरिकों में 2.20 लाख करोड़ रुपए मुफ्त में ही बांट दिए। औसतन नागरिक की जेब में 3000 डॉलर डाल दिए गए। बेशक उनकी नौकरी बरकरार थी या छूट गई थी। सामाजिक सुरक्षा का उदाहरण यह होता है।

भारत में कोई भी निश्चित सामाजिक, आर्थिक सुरक्षा नहीं है। ऐसी सुरक्षा के नाम पर कभी-कभार बीपीएल महिलाओं के खातों में 500 रुपए डाल दिए जाते हैं या किसानों को साल में 6000 रुपए दिए जाते हैं। हमारे देश में कर्जदार नागरिक को और कर्ज लेने की योजनाएं पेश की जाती हैं, ताकि वह जिदगी भर सरकार और कर्ज के बोझ तले दबा रहे। कारखानों को लोन के लिए प्रेरित किया जाता है और बाजार में धंधा गुल है। ऐसी तरलता से कारोबारी क्या हासिल करेगा?

देश में अबतक कोरोना से महामारी के कारण 3,86,713 लोगों की मौत हो चुकी है। केंद्र सरकार ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नीतिगत मामलों को कार्यपालिका पर छोड़ देना चाहिए। ऐसे में कोर्ट इस संबंध में कोई फैसला नहीं सुना सकती है। कोरोना पीड़ितों के लिए डेथ सर्टिफिकेट पर केंद्र ने कहा कि कोविड से हुई मौतों को मृत्यु प्रमाणपत्रों में कोविड मौतों के रूप में प्रमाणित किया जाएगा। आम उपभोक्ता के स्तर पर मांग नहीं है, क्योंकि उसकी जेब खाली है। देश की मौजूदा हालत दुनिया भर के सामने है। मध्य श्रेणी वालों को कोविड के थपेड़ों ने 'गरीब' बना दिया। बहरहाल शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद मुआवजा आसानी से मिल सकेगा, ऐसा नहीं होगा, क्योंकि नौकरशाही की पेचीदगियां असंख्य हैं। मृतक प्रमाण-पत्र में 'कारण' के कॉलम में 'कोरोना' लिखा होगा, हमें यह भी सहज नहीं लगता। अंततः सर्वोच्च अदालत को सख्त होकर बार-बार दखल देना होगा।

कठोर संघर्ष-साधना से ही संवरती है कला

अरुण कुमार निगम

> 40 वर्षों से अधिक की कला यात्रा के दौरान भीष्म साहनी, सुनील दत्त, मोहन गोखले, शफी ईनामदार, पंडित जसराज, जैसे अनेक ख्यातिलब्ध कलाकारों के करकमलों से पुरस्कृत होने का गौरव इन्हें प्राप्त हुआ। विजय मिश्रा ‘अमित’ जी बहुत गर्व के साथ बताते हैं कि उन्हें दाऊ रामचन्द्र देशमुख, दाऊ महासिंह चंद्रकार, दाऊ दीपक चंद्रकार, लक्ष्मण मस्तुरिया, केदार यादव, खुमानलाल साव, गिरिजा कुमार सिन्हा, संतोष कुमार टांक, पंचराम देवदास, शिव कुमार दीपक, भैयालाल हेड़ाऊ, मदन निषाद, गोविंद निर्मलकर, कविता वासनिक, विवेक वासनिक, साधना यादव, अनुराग ठाकुर, शैलजा ठाकुर, ममता चंद्राकर, रामहृदय तिवारी, संतोष जैन,चतरू साहू, कृष्णकुमार चैबे, विनायक अग्रवाल जैसी नामी-गिरामी छत्तीसगढ़ की विभूतियों के साथ काम करने का अवसर मिला ।

लोक कलाओं का कुबेर है छत्तीसगढ़ । यहां के मनोरम लोकगीत, नृत्य, वाद्य परम्पराओं को लुप्त होने से बचाने और पुनर्जीवित कर सांस्कृतिक क्रांति का शंखनाद करने में अग्रणी योगदान दुर्ग जिला के निकट स्थित ग्राम बघेरा के दाऊ रामचन्द्र देशमुखजी का है। उन्होंने छत्तीसगढ़वासियों के भीतर सांस्कृतिक चेतना जगाने के उद्देश्य से ‘चन्देनी गोंदा‘ का गठन किया था। इस संस्था के उद्देश्य के पूर्ण हो जाने के पश्चात उन्होंने 22 फरवरी 1983 को ‘चंदैनी-गोंदा‘ को विसर्जित कर लोकनाट्य ‘कारी‘ की तैयारियों पर अपना ध्यान केन्द्रित कर दिया था। ‘कारी‘ के निर्देशन का दायित्व अंचल के सुप्रसिद्ध रंगकर्मी श्री रामहृदय तिवारी जी को सौंप दिया था। ‘कारी‘‘ का प्रथम प्रदर्शन 22 फरवरी 1984 को सिलियारी में हुआ था। दाऊ रामचन्द्र देशमुख जी कालजयी सर्जना लोकनाट्य ‘कारी‘ में सरपंच तथा कथावाचक (छंततंजवत) की दोहरी भूमिका बहुमुखी प्रतिभा के धनी विजय मिश्रा ‘अमित‘ ने बड़ी ही कुशलता से निभायी थी। जहाँ सरपंच की भूमिका में उन्हें छत्तीसगढ़ी में संवाद करना होता था, वहीं कथावाचक की भूमिका में वे हिन्दी में कथानक को गति प्रदान करते थे। वर्तमान में वे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज रायपुर में अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) के पद पर सेवारत रहते हुए अभिनय व लेखन के क्षेत्र में भी सतत साधनारत हैं।

लोकनाट्य ‘कारी‘ की प्रस्तुति के दौरान अपने संघर्ष को साझा करते हुए विजय मिश्रा ‘अमित‘ बताते हैं कि ‘‘ वर्ष 1984-85 में मैं महासमुंद के एक निजी स्कूल में उच्च श्रेणी शिक्षक के पद पर सेवारत था। तब रात को कारी नाटक की प्रस्तुति के उपरांत मुझे सुबह महासमुंद स्कूल पहुंचना होता था, अतः रात को एक-दो बजे कारी नाटक की समाप्ति के उपरान्त मेन रोड पर आकर खड़ा हो जाता था, ताकि रायपुर बस स्टैंड पहुँचने के लिए गाड़ी उपलब्ध हो सके, अतः किसी भी वाहन कभी ट्रक तो कभी कबाड़ी की गाड़ी को रोक कर मैं रायपुर बस स्टैंड पहुँचने का प्रयास करता था और बस स्टैंड में जमीन पर ही चादर बिछा कर सो जाता था क्योंकि सुबह 4 बजे मुझे महासमुंद के लिए बस मिलती

थी। अनेक रातों को रायपुर के बस स्टैंड पर मैं ऐसे ही सोया करता था और सुबह स्कूल पहुंचने के लिए सफर करता था।

इसी दौरान छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक-गायिका कविता विवेक वासनिक जी की संस्था ‘‘अनुरागधारा - राजनांदगाँव‘‘ से भी जुडने का अवसर मिला। अनुरागधारा में अभिनय करने के साथ-साथ उद्घोषक के रूप में भी विशेष पहचान व लोकप्रियता मिली। कविता वासनिक जी के प्रमुख कैसेट ‘धरोहर‘, ‘धनी‘, ‘धुन‘, ‘नहीं माने काली‘ के अलावा लक्ष्मण मस्तुरिया जी के कैसेट मैं छत्तीसगढ़ के माटी अंव में प्रारंभिक उद्घोष का भी बखूबी निर्वहन किया।

विजय मिश्रा ‘अमित‘ जी वर्ष 1976 में दुर्ग सुप्रसिद्ध संस्था क्षितिज रंग शिविर से जुड़े और अपनी अभिनय-कला का लोहा मनवाने लगे। इस दौरान वे नुक्कड़ नाटक में भी श्री राम हृदय तिवारी जी के साथ सतत सक्रिय रहे। क्षितिज रंग शिविर के बैनर तले वर्ष 1980 से 1987 तक श्री संतोष जैन जी के निर्देशन में हम क्यों नहीं गाते, घर कहाँ है, अरण्य गाथा, मुर्गी वाला, विरोध, हाथी मरा नहीं है, जैसे कई सुप्रसिद्ध नाटकों का मंचन किया। सन् 1982 में जब टेलीविजन मोहल्ले के इक्का-दुक्का घरों में ही होता था तब उपग्रह दूरदर्शन केंद्र दिल्ली से लोरिक चंदा के दो एपिसोड प्रसारित हुए थे जिसमें विजय मिश्रा ‘अमित‘ ने राजा मेहर की महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी। वे दाऊ महासिंह चंद्रकार के सोनहा बिहान से भी जुड़े थे।

छत्तीसगकढ़ के बहुचर्चित लोकनाट्य कारी और लोरिक चंदा की मूल स्क्रिप्ट भिलाई निवासी सुप्रसिद्ध लेखक श्री प्रेम साइमन ने लिखी थी। दोनों लोक नाट्यों के मंचन की अवधि तीन से चार घण्टों की होती थी। इन दोनों लोकनाटयों का हिन्दी रूपान्तरण एक घंटे की अवधि के लिए अमितजी ने किया। इन नाटकों के संवाद ही हिंदी में लिखे गए, छत्तीसगढ़ी वेशभूषा, छत्तीसगढ़ी नृत्य-गीत, छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार और परम्पराओं से सुसज्जित इन नाटकों को मूल रूप में ही प्रस्तुत किया गया। इनका मंचन ऑल इंडिया ड्रामा काम्पीटिशन इलाहाबाद, उड़ीसा, दिल्ली, महाराष्ट्र , हिमाचल प्रदेश, बरेली, कोलकाता, शिमला, सोलन, भोपाल, नागपुर और जबलपुर में किया गया। इन नाटकों को हर स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ नाटक के अलावा अन्य अनेक पुरस्कार प्राप्त हुए। हिमाचल प्रदेश में ऑल इंडिया आर्टिस्ट एसोसिएशन ने विजय मिश्रा को इन उपलब्धियों के लिए वर्ष 1996 में बलराज साहनी अवार्ड से अलंकृत किया । राजधानी रायपुर में रहते हुए इन्होंने अनेक छत्तीसगढ़ी फिल्म जैसे - ‘मोही डारे रें‘, ‘पहुना‘, ‘बहुरिया‘, ‘पंचायत के फैसला‘, ‘सोंचत सोंचत प्यार होगें‘ आदि में प्रभावी अभिनय किया।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अपना शहर अब

अपना शहर अब पराया लगता है अजनबी शख्स कोई साया लगता है पेड़ कट गए जो देते थे छांव कभी विकास यहां भी अब आया लगता है हर एक जुबां पे है गुस्सा बहुत मगर बोलते नही कोई ,डर सताया लगता है अक्सर वही जीत रहे,जो हारे थे कभी हर बार जाल नया, बिछाया लगता है परेशानियां है मगर,गायब है अखबारों से विज्ञापन खूब कोई , छपवाया लगता है।

- संत आर थवाईत

तालाब सदा कुँऐ से

तालाब सदा कुँऐ से सैंकड़ों गुना बड़ा होता है फिर भी लोग कुँऐ का ही पानी पीते हैं, क्योंकि कुँऐ में गहराई और शुद्धता होती है...! मनुष्य का बड़ा होना अच्छी बात है, लेकिन उसके व्यक्तित्व में गहराई और विचारों में शुद्धता भी होनी चाहिए तभी वह महान बनता है।

- संतोष कुमार मिश्रा

खास पाती

जहर उगलते आप सुधा

जहर उगलते आप, सुधा बरसाओ तो। दो न किसी को दोष, कमी खुद पाओ तो।। आया सावन झूम, सघन बादल बिजली, फैले पंख मयूर, मगन हो जाओ तो। ढलने दो यह रात, सवेरा आएगा, खुशियों की बरसात, नवल धुन गाओ तो। चंचल मन गतिमान, पवन की चाल चले, भुगतेगा परिणाम, लगाम लगाओ तो जीवन प्रियतम प्यास, मिलन की आस गढ़े, कंगन बिंदिया हार, पिया पहनाओ तो। ओढ़ रजाई मेघ, दिवाकर है सोया, सर्दी की यह साँझ, अलाव जलाओ तो। देश प्रेम की राह, चलो मिलकर साथी, पाना यदि सम्मान, सुपथ पर आओ तो। **- अंशु विनोद गुप्ता**

दिया जलने लगा जब से उजाले

दिया जलने लगा जब से उजाले थाम लेती हूँ, मुसीबत आ घिरे सर पर सभी परिणाम लेती हूँ ,न पूजा की जरूरत है न अर्चन की कमी कोई , उसी के नाम की सांसे सुबह औ'र शाम लेती हूँ, कभी कहना नहीं मुझसे हुए हैं हम पराये से , बसा है जो इसी दिल में उसी का नाम लेती हूँ, तुम्हारे नूर के दर पर पड़ी जब से नजर मेरी , बिना पतवार के कश्ती भँवर में थाम लेती हूँ, कहां तुम हो बताओ तो नहीं रहना यहाँ मुझको कि तापों से तपे जग में सभी अपनाम लेती हूँ। **- चन्द्रकान्ता अग्नीहोत्री**

दौड़ती रहती हैं कुछ बातें जेहन

दौड़ती रहती हैं कुछ बातें जेहन में हर पल, ठहर सकती नहीं! शायद पाँव नहीं हैं उनके कुछ भीगी सी हैं, काँपती रहती हैं, ख़यालों में आकर कहना चाहती हैं बहुत कुछ, पर शायद बेजुबाँ हैं वो बस ख़्वाबों में आना ख़यालों में लहराना और फिर कुछ ख़्वाहिशें करके ज़िंदगी से कभी यूँही उदास हो जाना, शायद यही वजह है बहुत ख़ामोश रहती हैं ये बातें कुछ कहती नहीं। **- शिल्पी अग्रवाल**

तुझसे ऐ जिंदगी- मलाल कहां

तुझसे ऐ जिंदगी- मलाल कहां ? सब्र है अब कोई-सवाल कहां? भूल जा मुझको -जब कहा तुने दिन से उस तेरा कोई खयाल कहां? इक अंधेरे की जद में मेरा घर तू नहीं पास तो ज़लाल कहां?

- वंदना मोदी गोयल

इस अनवरत बहती धारा में अपने

इस अनवरत बहती धारा मेंअपने चंद सालों का हिसाब क्या रखें जिंदगी ने दिया है जब इतना बेशुमार यहाँ तो फिर जो नहीं मिला उसका।

- श्रीकांत गुप्ता

हम कितने अज्ञानी हैं और कितना

हम कितने अज्ञानी हैं और कितना ज्ञान बघारते हैं ! किसी ने कह दिया आप बहुंत जानते हैं..अपने आप से पुछना छोड़ के उसे ही सही मानने लगते हैं ..और हमारी विकास रूक जाती है. ध्यान रहे अहंकार हमे अभागा बनाता है।

रमेश वर्मा

कुछ सोचा भी नही तुझे जाना भी नही जिंदगी तेरे हवाले कर दिया

कुछ सोचा भी नही तुझे जाना भी नही जिंदगी तेरे हवाले कर दिया। तुझे देखा भी नही ख्वाबो में खुद को तेरे हवाले कर दिया। जाने क्या नाश था तेरी आँखों में खुद को नशा के हवाले कर दिया। डूबे रहते है तेरी आँखों के झलकते पैमाने में जिंदगी तेरे हवाले कर दिया।

- ऋतु दुबे

QUIZ TIME

1) छत्तीसगढ़ी के लुप्त होते शब्दों को संगृहीत करने के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग द्वारा कौनसा कार्यक्रम चलाया गया? (बिजहा / कोठी)
2) छत्तीसगढ़ी शब्द ‘उत्ती’ का विलोम क्या है?
3) रायगढ़ जिला का सिंघनपुर किस लिए प्रसिद्ध है?
4) छत्तीसगढ़ में महिलाएं किस त्यौहार में ‘गौरा-गीत’ गाती है?
5) भारत के एक प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी तथा हिन्दू महासभा के सदस्य का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बिजहा (2) बुड़ती (3) शैल चित्र के लिए (4) गौरा (5) डॉ बालकृष्ण शिवराम मुंजे

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1751: स्वीडन के रसायनशास्त्री और खदान विशेषज्ञ फ्रेडरिक क्रोन्स्टलर निकेल नामक धातु का पता लगाने में सफल। 1760: मराठा सेना ने दिल्ली पर कब्जा किया। 1767: पिटकेर्न द्वीप की खोज की गई। 1778: पर्शिया ने अर्जेंटिना के खिलाफ युद्ध की घोषणा की। 1819: अमेरिका में पहला बचत बैंक ‘बैंक ऑफसेविंग इन न्यूयॉर्क’ शुरू हुआ। 1876: मोंटेनेग्रो ने तुर्की से युद्ध की घोषणा किया। 1886: न्यूयॉर्क ट्रिब्यून छपाई मशीन का इस्तेमाल करने वाला पहला अखबार बना। 1897: इतावली वैज्ञानिक मार्कोनी ने लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया। 1908: ब्रिटिश सरकार ने बाल गंगाधर तिलक को गिरफ्तार किया। 1928: लंदन में पहली बार रंगीन टीवी कार्यक्रम का प्रसारण हुआ। 1934: बैंक ऑफकनाडा अधिनियम कनाडा में पारित किया गया 1962: फ्रांस के राष्ट्रपति ने अलजीरिया की आजादी की घोषणा की। 1979: दूसरे हावड़ा ब्रिज नाम से कोलकाता में मशहूर विद्यासागर सेतु का निर्माण शुरू हुआ। 1990: मक्का से मीना जाने वाली सुरंग में भगदड़ मचने से 1,426 हज यात्रियों की मौत। 2004: बैंकॉक में मेट्रो प्रणाली का आधिकारिक उद्घाटन किया गया। 2011: 118 वां विम्बलडन महिला टेनिसः पेट्रा क्वितोवा ने मारिया शारापोवा को (6-3 6-4)से हराया। 2012: इराक में बम विस्फोट से 25 की मौत, 40 घायल। 2013: मिस्र की सेना ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी का तख्तापलट किया।



ईशान खान और इजाबेल लिटे का नया गाना 'तुमसा नहीं' रिलीज़

मुंबई (वार्ता)। गायक ईशान खान और बॉलीवुड अभिनेत्री इजाबेल लिटे का नया गाना 'तुमसा नहीं' रिलीज़ हो गया है। गायक ईशान खान अपने फैंस के लिए एक बार फिर से एक नया गाना लेकर आ रहे हैं। इस गाने में ईशान खान बॉलीवुड अभिनेत्री इजाबेल लिटे के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए नजर आएंगे। इस म्यूजिक वीडियो के बारे में इजाबेल ने कहा, ÷यह गाना बहुत ही प्यारा और सुन्दर हैं जो रौ इमोशन से भरपूर हैं। पूरी टीम के साथ काम करने का अनुभव बहुत ही अद्भुत रहा. बॉबी सर बहुत ही क्रिएटिव और सपोर्टिव थे!

गौरतलब है कि इजाबेल लिटे और गायक ईशान खान अभिनीत 'तुमसा नहीं' गाने को निर्देशक बॉबी खान ने निर्देशित किया हैं और, लिविंगवॉटर म्यूजिक ने इस गाने को लिखा और स्वरबद्ध किया गया। इस संगीत वीडियो को बीलाइव म्यूजिक और वर्षा कुकरेजा के लेबल के तहत निर्मित किया है। ट्रैक महेश कुकरेजा द्वारा बनाया गया है और बीलाइव म्यूजिक, संजय कुकरेजा और रेमो डिसूज़ा द्वारा प्रस्तुत किया गया है।यह गाना बीलाइव म्यूजिक के यूट्यूब चैनल और विभिन्न प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

डब्बू रत्नानी के लिए फिर शर्टलेस हुए ऋतिक रोशन

नई दिल्ली। बॉलीवुड के सुपरस्टार ऋतिक रोशन इंडस्ट्री के उन स्टार्स में हैं जो अपनी पर्सनालिटी को लेकर अक्सर खबरों में रहते हैं। इसी बीच एक बार फिर एक्टर का नया शर्टलेस फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे खुद ऋतिक ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। फोटो में ऋतिक का किलर लुक देखकर उनके चाहने वाले उनकी पोस्ट पर

कॉमेंट कर खूब प्यार बरसा रहे हैं। वहीं फिल्म मेकर फराह खान ने ऋतिक के लुक की तुलना ग्रीक के देवता से कर उनकी तारीफ की है। ऋतिक ने यह फोटोशूट सेलीब्रटी फोटोग्राफर डब्बू रत्नानी के अपकमिंग कैलेंडर के लिए करवाया है। फोटो में ऋतिक शर्टलेस होकर लेटकर पोज देते हुए दिख रहे हैं। इस ब्लैक एंड व्हाइट फोटो में वह ऊपर की ओर देखते हुए अपना एब्स और अपनी टोन्ड बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रहे हैं।

पेट्रोल मुंबई में 105 रुपये, दिल्ली में 99 रुपये के पार

नई दिल्ली (वार्ता)। तेल विपणन कंपनियों ने दो दिन के अंतराल के बाद शुक्रवार को पेट्रोल के दाम फिर बढ़ा दिये जिससे पहली बार मुंबई में इसकी कीमत 105 रुपये, चेन्नई में 100 रुपये और दिल्ली तथा कोलकाता में 99 रुपये प्रति लीटर के पार पहुँच गई। डीजल की कीमत लगातार तीसरे दिन स्थिर रही। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल 40 पैसे तक महँगा हुआ। अग्रणी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल की कीमत 35 पैसे बढ़कर 99.16 रुपये प्रति लीटर के अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुँच गई। डीजल 89.18 रुपये प्रति लीटर पर अपरिवर्तित रहा। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का मौजूदा सिलसिला 04 मई को शुरू हुआ था। मई और जून में पेट्रोल 8.41 रुपये और डीजल 8.45 रुपये महँगा हुआ था। मुंबई में पेट्रोल 34 पैसे महँगा होकर 105.24 रुपये प्रति लीटर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुँच गया। डीजल 96.72 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर रहा। चेन्नई में भी पेट्रोल सौ रुपये के पार निकल गया।

हैदराबाद एफसी ने डेनिश स्पोर्ट्सवियर ब्रांड हम्मेल के साथ की साझेदारी

हैदराबाद (वार्ता)। इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम हैदराबाद फुटबॉल क्लब (एफसी) ने डेनिश स्पोर्ट्सवियर ब्रांड हम्मेल के साथ साझेदारी की है, जो आगामी 2021-22 सीजन के लिए क्लब के साथ उसके आधिकारिक टीम किट पार्टनर के रूप में जुड़ा है। आईएसएल के सातवें सत्र के दौरान फुटबॉल के अपने मनोरंजक ब्रांड से सभी को प्रभावित करने वाला हैदराबाद एफसीअब हम्मेल के साथ आया है। वैश्विक स्पोर्ट्स ब्रांड इस साझेदारी को भारतीय फुटबॉल में निवेश करने और भारत में खेल के विकास के लिए नए रास्ते तलाशने के लिए एक अवसर के रूप में देख रहा है। उल्लेखनीय है कि प्रसिद्ध डेनिश ब्रांड का एक गौरवपूर्ण खेल इतिहास है और यह दुनिया में सबसे अधिक मान्यता प्राप्त टीम स्पोर्ट्स ब्रांडों में से एक है, जिसकी जड़ें फुटबॉल और हैंडबॉल में हैं।

अक्षरा सिंह का गाना 'ईधर आने का नहीं' का व्यूज हुआ 300 मिलियन के पार

भोजपुरी अभिनेत्री-सिंगर अक्षरा सिंह का गाना 'ईधर आने का नहीं' का व्यूज 300 मिलियन से अधिक हो गया है। अक्षरा सिंह का गाना 'ईधर आने का नहीं' ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस गाने को अब तक 100- 200 नहीं 300 मिलियन लोगों ने देखा है।

मुंबई (वार्ता)। यह गाना भोजपुरी वर्ल्ड में खूब पसंद किया जा रहा है। इस गाने में अक्षरा का शानदार रैप दिखा है और फुल एटीट्यूड वाला यह गाना रिलीज के साथ भी वायरल हो रहा था, तभी आज इस गाने को 300 मिलियन व्यूज मिले हैं। अक्षरा ने अपने इस गाने की कामयाबी को अपने चाहने वालों के नाम कर दिया है, और अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से लिखा है, एक और मुकाम! एक और माइलस्टोन! एक और सेलिब्रेशन की वजह! 300 मिलियन व्यूज!!! ये रिकॉर्ड आपके नाम। थैंक यू एंड लव यू। सोचा नहीं था, लेकिन अपने फैंस और चाहने वालों पर भरोसा था। गाना सुपर हिट कराने में उन्हीं का अहम योगदान है। मैं चाहूंगी, मुझे इसी तरह प्यार और आशीर्वाद मिलता रहे। गौरतलब है कि 'ईधर आने का नहीं' गाने को आशीष वर्मा ने लिखा है। संगीत आशीष वर्मा ने दिया है और यह गाना अक्षरा के ही ऑफिसियल यूट्यूब चैनल अक्षरा सिंह पर रिलीज हुआ था।

जैन विश्वविद्यालय ने भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज को एक लाख रुपये का पुरस्कार दिया

बेंगलुरु (वार्ता)। जैन विश्वविद्यालय ने भारतीय तैराक श्रीहरि नटराज को तैराकी के इतिहास में ओलंपिक 'ए' क्वालीफिकेशन समय पूरा करने वाले सबसे कम उम्र के भारतीय तैराक बनने के लिए एक लाख रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। 20 वर्षीय नटराज ने पिछले हफ्ते रोम में आयोजित सेटे कोली ट्रॉफी में एक टाइम ट्रायल के दौरान 100 मीटर बैकस्ट्रोक पूरा करने में 53.77 सेकंड का समय लिया था। श्रीहरि ने जैन विश्वविद्यालय में कला स्नातक की डिग्री हासिल की है। विश्वविद्यालय ने रोम में उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उनके सम्मान के तौर उन्हें यह पुरस्कार दिया है।

जस्टिन लैंगर के पीछे डट कर खड़े हैं हम : फिंच

मेलबोर्न (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया की सफेद गेंद क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर की भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज हार के बाद समीक्षा में हुई आलोचना के बाद उनके समर्थन में उतरे हैं। फिंच ने स्वीकार किया है कि लैंगर ने हाल ही में सामने आए कुछ मुद्दों को हल किया है। इसके लिए कप्तान ने वेस्ट इंडीज दौरे पर रवाना होने से पहले प्रशिक्षण शिविर के दौरान लैंगर की प्रशंसा की है। फिंच ने एक बयान में कहा, ÷ हम सब जस्टिन लैंगर के पीछे डट कर खड़े हैं। गोल्ड कोस्ट पर कुछ दिनों तक हमारे पास एक अच्छा शिविर था। टिम पेर्ड के साथ समीक्षा में सामने आए कुछ मुद्दों को हल करने की जस्टिन लैंगर की क्षमता ही उन्हें अच्छा व्यक्तित्व बनाती है। उन्होंने एक अलग पक्ष रखा, जो उनकी गुणवत्ता को दर्शाता है कि वह किस तरह के व्यक्ति हैं। वह इन चीजों पर काम कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने कहा, जिस तरह से उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में ऑस्ट्रेलिया को कोचिंग दी है वह शानदार है।

नाम सुधार
शपथ -पत्र

मैं देवसेना चौहान पिता श्री गिरेश कुमार चौहन उम्र 22 वर्ष निवासी-हाउसिंग बोर्ड कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम राहुल चौहान पिता गिरेश कुमार चौहान दर्ज है।
3. यह कि मैं तृतीय लिंग समुदाय/ थर्ड जेंडर की सदस्य हूं तथा तृतीय लिंग/ थर्ड जेंडर समुदाय के अंतर्गत आती हूं। 4. यह कि मेरा प्रचलित नाम देवसेना चौहान है। 5. यह कि मैं अपने समस्त दस्तावेजों में अपना प्रचलित नाम देवसेना चौहान पिता गिरेश चौहान दर्ज करवाना चाहती हूं। 6. यह कि मैं भविष्य में अपने प्रचलित नाम देवसेना चौहान पिता गिरेश चौहान के नाम से जानी, पहचानी, व पुकारी जाऊंगी। अतः शपथ प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ती देवसेना चौहान पिता श्री गिरेश कुमार चौहान उम्र 21 वर्ष निवासी हाउसिंग बोर्ड कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्यापन करती हूं कि कंडिका 01 से 06 का कथन मेरे स्वयं की निजी जानकारी ज्ञान एवं विश्वास से सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक 30/06/2021 को स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर सत्यापित की।

शपथकर्ती

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पक्षकार का नाम- श्री संदीप कुमार
आनलाईन रजि. नं. 202106100400414

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संदीप कुमार आ. श्री लाल मोहर पंडित निवासी- शांति नगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन एवं पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. सं. 1959 की धारा 172/ 59 (2)(5) तहत् प्रस्तुत किया गया हैं। जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण चिचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
रिसाली, प.ह.न 22 तह.व जिला दुर्ग	665/7	0.030हे. 4240 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन एक सप्ताह तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 25.06.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग, जिला-दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202103100900129

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
छाटा प.ह.नं. 00023 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - रविप्रकाश,
अनावेदक पक्षकार - ज्ञानसिंह,

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम छाटा प.ह.नं. 23 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रविप्रकाश पिता गिरधरलाल बघेल अन्य निवासी ग्राम छाटा तहसील पाटन द्वारा ग्राम छाटा प.ह.नं. 23 तहसील पाटन स्थित भूमिस्वामी ज्ञान सिंह पिता नेतराम अन्य 03 के नाम दर्ज संयुक्त खाते की भूमि ख.नं. 136/3 रकबा 0.16 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 11.01.2021 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक रविप्रकाश पिता गिरधरलाल बघेल अन्य द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 16/07/2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 18/03/2021 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

क्र./प्र1अति.तह./दुर्ग, 30/6/2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक तेजस्वी शर्मा आ. स्व. शिवनारायण तिवारी साकिन रवेलीडीह द्वारा ग्राम रवेलीडीह पह.नं. रानिम. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 483 रकबा 0.3500 हे. भू.रा. रुपए से संबंधित ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई दिनांक 16/7//2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/6/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 20210310090013

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2020-21
चीचा प.ह.नं. 00018(हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - रोमलाल,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम पाटन, चीचा प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक रोमलाल चंद्राकर पिता बालूराम निवासी ग्राम चीचा तहसील पाटन जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम चीचा प.ह.नं. 18 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने पिता बालूराम पिता मनराखन के नाम दर्ज भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 148, 220, 222,329 रकबा क्रमशः 0.09,0.45,0.28,0.05 हे. को भूमिस्वामी बालूराम द्वारा अपने जीवनकाल में दिनांक 25.06.2020 को आवेदक के पक्ष में निष्पादित वसीयतनामा के आधार पर वसीयतकर्ता बालूराम की दिनांक 13/11/2020 को मृत्यु हो जाने से वसीयतकर्ता भूमिस्वामी बालूराम पिता मनराखन का नाम विलोपित कर अपने नाम नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक रोमलाल चंद्राकर पिता बालूराम द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 05/07/2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 03/02/2021 को जारी किया जाता हैं।

सील — तहसीलदार पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग
उद्घोषणा

202103100700322
रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ कुंभकार अन्य 1 पिता स्व. संतोष कुंभकार निवासी ग्राम कोलिहापुरी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 339/4 रकबा 0.203 हे. भूमि को विक्रेता घनश्याम कुमार अग्रवाल पिता चिरंजीलाल अग्रवाल निवासी ग्राम दीपकनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 04/02/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/04/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/03/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/03/2021
पेशी दिनांक 12/04/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग
उद्घोषणा

202103100700332
रा.प्र.क्र./अ-6/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सौरभ कुंभकार अन्य 1 पिता स्व. संतोष कुंभकार निवासी ग्राम कोलिहापुरी तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम बोरसी तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 339/4 रकबा 0.203 हे. भूमि को विक्रेता घनश्याम कुमार अग्रवाल पिता चिरंजीलाल अग्रवाल निवासी ग्राम दीपकनगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24/03/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 12/04/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/03/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/03/2021
पेशी दिनांक 12/04/2021

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभाग अधिकारी (रा.) पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

202106100600078
रा.प्र.क्र. अ-2/2020-21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री पी.श्रीधर पिता श्री पी. रमनैय्या उम्र 42 वर्ष निवासी समता कालोनी इंदिरा नगर बी.एम.बाय चरोदा, तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी की भूमि ग्राम उमदा, प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. भिलाई 3 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 425/4 रकबा 0.018 हे. अर्थात 2000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण के लिए आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा (52 (2) के तहत प्रस्तुत किया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 03/07/2021 तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 17/6/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

मा.क्र. अ-74/2020-21

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुर्गहिन बाई पति सुमेरी निवासी नगपुरा तह. व जिला दुर्ग द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है कि अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम नगपुरा प.ह.नं. 2 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1076 रकबा 0.2200 हेक्टेयर भूमि का प्राप्त ऋण पुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बाबत आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो पेशी दिनांक 7/07/2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति/ आक्षेप पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16/06/2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से यह उद्घोषणा पत्र प्रकाशन हेतु जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग 03 जिला -दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ-6/2021

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती ललिता वर्मा पिता/पति शिवनारायण वर्मा निवासी शारदा पारा भैरव बस्ती छावनी भिलाई मौजा सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 202/438 रकबा 1000 वर्गफीट भूमि को विक्रेता/आम मुख्तयार संतोष कुमार पिता बाला राव से दिनांक 10/02/2021 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 09/07/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/6/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।
भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत खुर्सीपार में पेयजल की व्यवस्था को लेकर नागरिकों से फीडबैक लेने आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने वार्ड 31 में नलों से पानी भर रही महिलाओं से चर्चा किए उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नलों में पानी का प्रेशर पर्याप्त आ रहा है, इस दौरान विभिन्न घरों से कुछ देर पहले ही भरे हुए पानी की शुद्धता जांच किए जहां पानी साफमिला। गलियों का निरीक्षण करते हुए सभी घरो व सार्वजनिक नलों में टोटी अनिवार्य रूप से लगाने तथा मोटर लगाकर पानी खींचने वालो की निगरानी करते हुए दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जोन 04 के अधिकारियों को दिए। मॉर्निंग विजिट में आयुक्त महोदय वार्ड 25 संतोषीपारा पहुंचे जहां उन्होंनें नागरिकों से टेमिफॉस वितरण, कूलर की सफाई की जानकारी लेते हुए डेंगू से बचाव के नियमों का पालने और घर में रखे हुए अनुपयोगी पात्र में जलजमाव नहीं करने की अपील किए।

भिलाई निगम क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था को लेकर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज खुर्सीपार क्षेत्र पहुंचे और पाईपलाइन, सार्वजनिक नलों में पानी का प्रेशर का निरीक्षण किए। इस दौरान वार्ड 31 दुर्गा मंदिर के पास श्रीमती

धर्मशीला देवी, श्रीमती गायत्री मिश्रा, श्रीमती सविता देवी के घरों में जाकर घर के नल में आने वाले पानी का प्रेशर और पानी की शुद्धता के बारे में जानकारी लिए जिस पर महिलाओं ने बताया कि पानी पर्याप्त आ रहा है तथा साफ है, बारिश के सीजन में कभी कभार मटमैला पानी आता है लेकिन बांकी दिनों में कोई समस्या नहीं है। आयुक्त महोदय ने महिलाओं से अपील किए बारिश के सीजन में पानी छानकर भरे ताकि जलजनित बीमारियों से बचा जा सके, उन्होंने कूलर के पानी की नियमित सफाई, तथा निगम की ओर से बांटे गए टेमिफॉस की भी जानकारी लिए। वार्ड में ही एक व्यक्ति द्वारा गंदगी को नाली में बहाते हुए पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही करने कहा गया। आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड 30 बालॉजी नगर में निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे डेंगू नियंत्रण अभियान का निरीक्षण किए इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने किए जा रहे कार्यों के पंजी का अवलोकन कराया। उन्होंने समझाईश के बाद भी कूलर, टायर, टंकी व पुराने पात्रों में भरे हुए पानी की जांच सतत रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए तथा व्यापारिक क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालो चिन्हित दंडात्मक कार्यवाही करने कहा गया।

मॉर्निंग विजिट के दौरान आयुक्त श्री रघुवंशी जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत संतोषीपारा पहुंचे जहां डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम का निरीक्षण किए। वार्ड 25 में पैदल भ्रमण करते हुए नागरिकों से टेमिफॉस वितरण और सफाई व्यवस्था की जानकारी लिए। इस दौरान उपस्थित जोन के अधिकारियों ने नालियों की सफाई, नाली किनारे कंटीली झाड़ियों की कटाई, सार्वजनिक नलों, बोरिंग के आस चूना ब्लीचिंग का छिड़काव की जानकारी दिए। जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत डोर टू डोर टेमिफॉस का छिड़काव, टेमिफॉस की रिफिलिंग, जलजमाव वाले स्थानों पर जला एवं मलेरिया ऑयल का छिड़काव किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, ईई संजय बागड़े, संजय शर्मा, अखिलेश चंद्राकर, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डे, सहा. स्वा. अधि. जावेद अली सहित जोन 04 के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

गरियाबंद के गौरव कवि आदित्य गुप्ता

गरियाबंद (नव प्रदेश)। विगत दिनों काव्य सरिता साहित्यिक मंच श्योपुर मध्यप्रदेश के द्वारा ऑनलाइन साहित्य सम्मेलन का आयोजन किया गया था,जिसमें सम्पूर्ण देश के विभिन्न विभागों राज्यों के कवियों ने अपनी प्रस्तुति दी थी। इस कार्यक्रम में नगर के कवि आदित्य गुप्ता ने क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। इस साहित्यिक कार्यक्रम में सहभागिता एवं उनकी कविताओं के लिएरुसाहित्य शिखर सम्मान 2021 से सम्मानित किया गया। बचपन से साहित्यिक रुझान रखने वाले आदित्य गुप्ता पिछले तीन दशकों से साहित्यिक सृजन करते आ रहे हैं उनकी लिखी कविताएँ दिलों को झकझोर देती हैं वे अपनी कविताओं में सामाजिक विसंगतियों ,राजनौतिक कटाक्ष,मानवीय संवेदनाओं एवं युवाओं को प्रेरित करने वाली कविताओं का सृजन बखूबी से करते हैं । उनकी रचनाओं का युववाणी कार्यक्रम के अंतर्गत आकाशवाणी रायपुर से भी प्रसारित ही चुका है। उनके काव्य संकलन अमन के फूल को अच्छा प्रतिसाद मिला था ।विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं द्वारा उनकी कविताओं को अपने साझा काव्य संकलन में स्थान दिया है। उनकी यह उपलब्धि गरियाबंद रत्नगर्भा धरती के लिए विशेष महत्व रखती है। अंचल के प्रबुद्ध वर्ग एवं साहित्यिक समितियों की ओर से बधाई प्रेषित की गई है। आदित्य गुप्ता को उनके द्वारा उत्कृष्ट सृजन के लिए सर्वश्रेष्ठ रचनाकार घोषित करते हुए उन्हें यह सम्मान पत्र प्रदान किया गया। आपको समूह की ओर से हार्दिक बधाई दी गई।

गरियाबंद में मलेरिया मुक्त अभियान मलेरिया जाँच एवं निदान

गरियाबंद (नव प्रदेश)। जिले में मलेरिया मुक्त अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत समुदाय से मलेरिया परजीवी को समूल नष्ट करने हेतु अभियान के दौरान गॉवों में स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा घर -घर जाकर सदस्यों का आर.डी. कीट से मलेरिया जॉच किया जा रहा है। 27 जून 2021 से आज तक कुल 117 घरों में 470 व्यक्तियों की मलेरिया जॉच की गई। अभियान के दौरान 09 गर्भवती महिलाओं की मलेरिया जॉच किया गया है। जॉच के दौरान सभी का रिपोर्ट नेगेटिव आया। विकासखण्ड गरियाबंद, मैनपुर , छुरा एवं देवभोग में एल.एल.आई.एन.एस मच्छरदानी का वितरण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन. आर. नवरत्न ने बताया कि जिला गरियाबंद में 27 जून 2021 से 31 जुलाई 2021 तक यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आम जनता से अपील की है कि बारिश के मौसम में पानी को कही एकत्रित होने ना दे तथा मच्छरदानी का उपयोग करे जिससे मलेरिया से बचा जा सके।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना : कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया प्रचार रथ को रवाना

गरियाबंद (नव प्रदेश)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनांतर्गत खरीफ 2021 में कृषकों के मध्य जन जागरूकता तथा अधिक से अधिक कृषकों को बीमा आवरण में लाने के लिए कलेक्टर श्री निलेश क्षीरसागर ने आज कलेक्टोरेट परिसर से प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर विभिन्न ग्रामों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर उन्होने योजना से जुडे सभी स्टेक होल्डर्स को समन्वय कर फसल बीमा सप्ताह के सफल संचालन एवं योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार 15 जुलाई 2021 तक करने के निर्देश दिये गये हैं। इस सम्बंध में कृषि विभाग के उपसंचालक एफआर कश्यप ने बताया कि प्रचार-प्रसार हेतु गतिविधियों का पर्यवेक्षण जिला स्तर पर गठित विशेष समिति द्वारा किया जाएगा। उन्होने योजनांतर्गत अधिक से अधिक कृषकों का बीमा आवरण सुनिश्चित करने हेतु पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करने की भी बात कहीं।

टोल नाका का कार्य पूर्ण, मजदूरों को नहीं मिल पाई मजदूरी

कवर्धा (नव प्रदेश)। जिले के बोड़ला नेशनल हाईवे पेट्रोल पंप के पास नवनिर्मित टोल नाका शेड का कार्य पूर्ण होने के बाद भी मजदूरी का 57535 रू भुगतान नहीं हो पाया। रामदास पटेल ने बताया कि ठेकेदार विशाल वाहुल पिता सीताराम वाहुल पता कन्हैया सीएससी रूम नंबर 202 गणेश नगर शिवाई थाने मुंबई महाराष्ट्र का निवासी है जिसने लॉक डाउन होने के कारण कार्य अधूरा छोड़कर चला गया था जो दुबारा यहां नहीं आया जब बनाने वाले मजदूर ने फोन से संपर्क किया तो बार-बार घुमाया जा रहा है।

10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत

बेमेतरा (नव प्रदेश)। बेमेतरा के जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा द्वारा दिनांक 10 जुलाई 2021 दिन शनिवार को होने वाले नेशनल लोक अदालत के संबंध में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के सभी न्यायाधीश शामिल हुए। उपरोक्त बैठक में राजीनामा योग्य प्रकरणों को चिन्हित कर अधिक से अधिक प्रकरण रखने हेतु लोगों को प्रोत्साहित करने चर्चा हुई और नेशनल लोक अदालत को लेकर प्रचार-प्रसार भी ज्यादा से ज्यादा करने पर जोर दिया गया। पैरालीगल वालंटियर का सहयोग लेकर लोक अदालत के संबंध में स्थानीय हाट बाजार में प्रचार प्रसार के साथ पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक करने एवं लोक अदालत हेतु चिन्हांकित प्रकरणों के पक्षकारो को संपर्क कर उन्हें राजीनामा हेतु जागरूक करने तथा प्रोत्साहित करने पर भी चर्चा हुई।

ठेकेदार ने पाइप लाइन को किया क्षतिग्रस्त, 25 दिनों से मरीजो को नही मिल रहा पानी

किसान नेता ने समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन

■ **किसान नेता योगेश तिवारी गुरुवार को जिला अस्पताल का निरीक्षण कर मरीजो से जानी समस्याएं**

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। मूलभूत सुविधाओं से संबंधित शिकायत मिलने पर किसान नेता योगेश तिवारी गुरुवार को जिला अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे। यहां निरीक्षण के दौरान कई मरीजों ने वार्डो में पानी नहीं आने की शिकायत की। किसान नेता ने अस्पताल के हर वार्ड निरीक्षण कर वहां की समस्याओं से अवगत हुए। इसके बाद अपने समर्थकों के साथ कलेक्टोरेट पहुचकर, कलेक्टर भोसकर विलास संदीपान को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के तुरंत निराकरण का आग्रह किया। अस्पताल में निरीक्षण के दौरान डॉक्टरों के लेट आने व ड्यूटी रोस्टर की जानकारी सूचना फ्लक पर नहीं दर्शाने समेत अन्य शिकायतें मरीजों के परिजनों ने की किसान नेता योगेश तिवारी से की। इस दौरान राजकुमार ठाकुर, मनोज दुबे, राजेश मारकंडे, मनोज पटेल, गिरीश गबेल, पीयूष शर्मा, हरीश धृतलहरे, विवेक बंजारे, गेंद राम साहू, रामेश्वर साहू, डागेन साहू, देवचरण मांडले आदि मौजूद थे। 25 दिनों से अस्पताल के वार्डो में नही आ रहा पानी - किसान नेता ने बताया कि अस्पताल के शौचालय व हैंड वॉश के नलों में पानी नहीं आने की शिकायत मिल रही थी। करीब 25 दिनों से जिला अस्पताल के वार्ड में पानी नहीं आ रहा है। सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार के द्वारा पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया हैं। जिसकी मरम्मत नहीं होने का खामियाजा जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हो रहे मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। वही अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही भी खुलकर सामने आ गई हैं। समस्या के स्थाई समाधान करने की बजाए टंकी को प्लास्टिक पाइप से भरा जा रहा है, यह व्यवस्था 100 बिस्तर अस्पताल के लिए नाकाफी साबित हो रही है। सीएस ने सारा मामला कलेक्टर पर डालकर, पल्ला झाड़ा - सिविल सर्जन डॉ वंदना बेले ने मामले से कलेक्टर को अवगत कराने की बात कह कर पल्ला झाड़ लिया। जेडीएस फंड से पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने के संबंध में पूछने पर, सारा मामला कलेक्टर डालते हुए कहा कि इस संबंध में समिति के अध्यक्ष कलेक्टर के आदेश पर व्यवस्था दुरुस्त करने की कार्रवाई सम्भव हो पाएगी।

धोबी समाज की मांग पर कराया गया बोर खनन

नव प्रदेश संवाददाता

साजा। धोबी समाज के अधिवेशन में मूलभूत सुविधाओं के किए गए मांग को पूरा किए जाने से मिले लाभ से सामाजिक लोगों में हर्ष व्याप्त हैं। ज्ञात हो कि 14 मार्च को साजा में हुए महा अधिवेशन वार्षिक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल को मोहगांव राज व साजा नगर धोबी समाज की ओर से कृषि मंत्री रविंद्र चौबे के लिए मांग पत्र दिया गया था। जिसमें साजा धोबी समाज भवन को संधारण करने व बोर खनन और मोहगांव राज में भवन निर्माण मांग की बात रखी गई थी, जिसको पहल करते हुए संतोष वर्मा और विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल के द्वारा आज निर्मलकर भवन के पास बोर खनन का कार्य संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नपं उपाध्यक्ष रवि सोनी, नगर पंचायत इंजीनियर लोकेश शर्मा, मोहगांव राज अध्यक्ष अगराहीत, ठेलका कोषाध्यक्ष मनहरण, मोहगांव सचिव राजेंद्र निर्मलकर, साजा सहसचिव बिसहत रजक व समाज जन सहित साजा नगर अध्यक्ष सुरेश कन्नोजे, पूर्व अध्यक्ष ईश्वरी निर्मलकर, सचिव सुशील निर्मलकर, सह सचिव अमित कन्नौजे, रमेश निर्मलकर, संतोष, युवा प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र निर्मलकर उपस्थित रहे। साथ ही समाज जनों का भी उपस्थिति गरिमामई रहा व समाज जनों द्वारा हर्ष के साथ धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष वर्मा व नगर पंचायत अध्यक्ष शालिनी मनोज जायसवाल व विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल को धन्यवाद दिया। साथ ही जल्द से जल्द और मांगों को भी पूरा करने के लिए निवेदन किया।

नवगठित संकुल केन्द्र घिवरा का हुआ शुभारम्भ कार्यक्रम

नव प्रदेश संवाददाता

खरोरा। नवगठित संकुल केन्द्र - घिवरा का आज शुभारम्भ कार्यक्रम शास.हाई स्कूल घिवरा में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में अतिथी के रूप में श्री बी. एल. देवांगन जी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी -तिल्दा की गरिमामयी उपस्थिति रही, साथ ही हाई स्कूल घिवरा प्रभारी प्राचार्य श्री प्रभाकर नायक जी, समन्वयक भड़हा श्री आर.डी. साहू जी, समन्वयक कनकी श्री बी.पी. वर्मा जी, समन्वयक बे. सिवनी श्री संजय वर्मा जी और संकुल केन्द्र घिवरा के सभी शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री देवांगन जी ने अपने उद्बोधन में समग्र शिक्षा अभियान को सफलता सफलता की ओर ले जाने व निरंतर नवाचारी शिक्षा को गति प्रदान करने पर प्रकाश डाले। इसी कड़ी में संकुल केन्द्र घिवरा के नवनियुक्त समन्वयक श्री कैलाश बघेल ने अपने उद्बोधन में सहयोग न कर साथ देने का निवेदन सभी से किये, साथ ही एक छोटा सा नवाचार प्रकट करते हुए ÷पीठासीन की डायरी÷ के तर्ज पर सभी संस्था प्रमुखों को ÷प्रधानपाठक की डायरी÷ भेंट स्वरूप अतिथियों के करकमलों से प्रदत्त किये। कार्यक्रम को श्री आर. डी. साहू, श्री रतन लाल वर्मा (प्रधान पाठक), श्री प्रभाकर नायक, श्री बी. पी. वर्मा, ने भी संबोधित किये।

पुत्र को नहीं मिला पैतृक संपति में हिस्सा तो लगाई गुहार

कवर्धा (नव प्रदेश)। दरअसल कबीरधाम जिले के अंतर्गत ग्राम जुनवानी का यह मामला है यहां पिता ने साडे 18 एकड़ जमीन में 15 एकड़ जमीन को बेच दिया है वही पुत्र बचे हुए शेष जमीन में अपने लिए हिस्सा मांगा लेकिन उसकी बात का कोई असर नहीं हुआ आखिरकार पुत्र ने तहसील कार्यालय में आवेदन दे कर हिस्सा दिलाए जाने की मांग की है ज्ञात हो कि आवेदक राजू साहू ने अपने पैतृक जमीन पर हिस्से की मांग करते हुए बताया कि कुल 18 एकड़ की कृषि भूमि थी जिसमें 15 एकड़ जमीन को उनके पिता के द्वारा भेज दिया गया है अब बची हुई शेष जमीन में वह अपने जीवन यापन के लिए खेती किसानी करने पिता से जमीन की मांग है लेकिन उसे अब तक उक्त जमीन नहीं मिल पाया है उन्होंने बताया कि उनके पास जीवन यापन के लिए अन्य कोई साधन नहीं है।

सरकार चिकित्सकों का सम्मान की जगह उन्हें निलंबित कर उनका कर रही अपमान: भावना

नव प्रदेश संवाददाता

कवर्धा। भावना बोहरा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि सत्ता में आने के बाद से कांग्रेस पार्टी द्वारा लगातार चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों का अपमान किया जा रहा है। एक ओर हमारे चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी दिन-रात अपनी जान की परवाह न करते हुए जनता की सुरक्षा के लिए सेवाएं दें रहे हैं वही दूसरी ओर सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर उनका सम्मान करने की बजाय उन्हें निलंबित कर उनका अपमान कर रही है। कबीरधाम में भी एक ऐसा ही मामला सामने आया है जहां वर्षो से पूरी ईमानदारी और निष्ठा जिला चिकित्सालय कवर्धा के पैथोलॉजी विशेषता एवं प्रभारी सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतराम चुरेन्द्र को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा

अपने राजनीतिक द्वेष के चलते निलंबित कर दिया गया है। इस कार्रवाई से पूरे अस्पताल कर्मचारियों के साथ ही जिलेवासियों में भी आक्रोश है और दबी आवाज में अस्पताल के कर्मचारियों का कहना है कि इतने सौम्य व व्यवहारिक व्यक्ति को निलंबित करना गलत है। दरअसल 1 जुलाई को राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में 30 जून को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत के निर्देशन पर प्रदेशभर में कोरोना योद्धा सेवा सम्मान के तहत चिकित्सकों व स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के उपलक्ष्य में 30 जून को भाजपा महिला मोर्चा कबीरधाम द्वारा जिला चिकित्सालय कवर्धा में सेवारत चिकित्सकों, नर्सो, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य अस्पताल कर्मचारियों को कोरोना संक्रमण के दौरान उनके द्वारा किये गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। लेकिन सत्ताधारी पार्टी को हमारे कोरोना वारियर्स का यह सम्मान रास नही आया।

गैर जिम्मेदार, लापरवाह ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करे विभाग : डॉ सौरभ

अन्नदाता किसान को परेशान करने वाले बक्शे नही जाएंगे-निर्वाणी

नव प्रदेश संवाददाता

बेमेतरा। किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव ने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से लापरवाह ठेकेदार को ब्लैक लिस्टेड करने कहा हैं। डॉ सौरभ निर्वाणी ने बताया कि खैरझिटी से बगौद पहुँच मार्ग का काम 27 महीनों से चल रहा है, ठेकेदार द्वारा बनाये गए सड़क की फ़ोटो भेजते हुए कहा है कि उदासीनता, लापरवाही और गैरजिम्मेदाराना व्यवहार के चलते खैरझिटी से बगौद जाने का संपर्क टूट गया हैं। दुपहिया सवार फिसल कर गिर रहे है, चार पहिया वाहन का निकल पाना असंभव हैं। वही सायकल सवार सिर पर सायकल लेकर बाजू के खेतों से सड़क के पार जा रहे हैं। अधूरा बना पुलिया अपने आप में लापरवाही और घोर उदासीनता की कहानी कह रहा हैं। विभागीय अधिकारियों से इसकी शिकायत पूर्व में जनपद सदस्य लाला भारती ने की थी, लेकिन अधिकारियों के कानों में जूं तक नही रेंगी। बेमेतरा जिला मुख्यालय से महज 12 किलोमीटर दूर ग्रामीण अंचल के यह हाल हैं।

ठेकेदार और उसकी टीम कार्यस्थल से नदारद है, किसान अपने ट्रेक्टर और गाड़ियों को जेवरा कठिया के रास्ते बेमेतरा लाने मजबूर हैं। बारिश का समय, खरीब की फसल के समय किसानों को खाद बीज के लिए बार बार आना पड़ता हैं।

किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा है कि विभागीय अधिकारी अधूरे निर्माण को तत्काल पूरा कराएं और संबंधित ठेकेदार को लापरवाही और कार्य मे विलंब करने के लिए आगे के कार्यो के लिए ब्लेक लिस्टेड करें और ग्रामीणों के लिए किसी वैकल्पिक रास्ते का निर्माण तब तक के लिए कराया जाए। भूपेश बघेल के किसान हितैषी सरकार जो दिन रात किसानों के हित के लिए कमर कस कर काम कर रही है।ऐसे ठेकेदारों के लिए कोई स्थान नहीं है, जिनके कारण अन्नदाता किसान परेशान हो।

भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक बने प्रकाश रोहरा

नव प्रदेश सवाददाता

गरियाबंद। भारतीय जनता पार्टी के व्यवसायी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह के अनुमति एवं भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू की अनुशंसा से जिला संयोजक रोशन देवांगन द्वारा व्यवसायी प्रकोष्ठ भाजपा गरियाबंद जिला कार्यकारणी की घोषणा की है। जिसमें गरियाबंद के वरिष्ठ किराना व्यापारी प्रकाशचंद रोहरा को जिला सहसंयोजक नियुक्त किया है। जिला सहसंयोजक नियुक्त होने के बाद प्रकाश रोहरा ने भाजपा के सभी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी संगठन ने जो महती जिम्मेदारी उन्हें सौंपी है उस पर खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे, उन्होंने विश्वास दिलाया कि पार्टी को मजबूत करने एवं व्यापारियों के हित में सदैव समर्पित रहेंगे। पार्टी को आगे ले जाने का काम करेंगे। भाजपा व्यवसायी प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक नियुक्त होने पर उन्हें भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू, जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, अजय रोहरा, आशीष शर्मा, मुकेश दासवानी, सागर मयाणी, प्रतीक सिंह एवं स्थानीय व्यापारी विनय दसवानी, जला ठक्कर, जुबेर मेमन, सुरेश गुप्ता, राकेश रोहरा, पुष्पक देवांगन, छुरा से सुरेश सीतलानी, शंकर कुकरेजा, अजय सचदेव, रिंकू सचदेव, मैनपुर से यूनुस मेमन, बप्पी सचदेव, अमलीपदर से विनय अग्रवाल, देवभोग से शारडा, राजिम से किशन रोहरा सहित जिला के अनेक व्यापारियों ने बधाई दी हैं।मंडल अध्यक्ष की भी घोषणा-जिला कार्यकारिणी के साथ ही मंडल संयोजक की भी घोषणा की गई है। गरियाबंद मंडल संयोजक राकेश सोनी, पांडुका पवन ध्रुव, छुरा आनन्द त्रिवेदी, मैनपुर महेंद्र सोनी, राजिम पुष्कर शर्मा (लोहरसिंग), देवभोग सुरेंद्र सिन्हा, झाखरपारा, मुखों यादव तथा गोहरापदर में प्रमोद तिवारी को बनाया गया है।

कलेक्टर ने सीएचसी लोहारा का निरीक्षण

कवर्धा (नव प्रदेश)। जिला कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा द्वारा आज सीएचसी लोहारा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संसाधनों व स्टाफ की जानकारी ली एवं इसके लिए आवश्यक स्टीमेट बनाकर प्रस्तूत करने बोला है। लोहार बीएमओ डॉ संजय खरसन द्वारा पीडियाट्रिक वार्ड के लिए 5 बेड कीआवश्यकता, 30 ऑक्सीजन युक्त बेड के लिए पाइपलाइन, ऊपर के हॉल के लिए रैम्प ,लैट-बाथ,10 बिस्तर आइसोलेट वार्ड की व्यवस्था व ब्लड स्टोरेज यूनिट के लिए आवश्यक डिमांड बताई गई। इन कार्यो की सहमति देकर कलेक्टर श्री शर्मा ने डिमांड लेटर, स्टीमेट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को मौसमी बीमारियों के अलर्ट रहने व त्वरित सेवा देने के लिए कहा है। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ शैलेन्द्र कुमार मण्डल भी मौजूद थे।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर (छ.ग.)
कामर्शियल काम्पलेक्स, सेक्टर-8 द्वितीय तल, सड्डू, रायपुर
Email ID emzoneii@yahoo.com GST No.22AAECA978302ZP

//आम सूचना//

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत दोंदेखुर्द रायपुर में स्थित सीनि.एलआईजी. भवन क्रमांक- 554 श्रीमती राम्हीन बाई साहू पति स्व. श्री तुलाराम साहू आफर/स्ववित्तीय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया था। आबंटी द्वारा दिनांक 07.12.2017 को अपने नाम पर लीजडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत कराने के उपरांत उक्त भवन को वर्तमान में श्रीमती सीता देवी प्रजापति पति श्री त्रिलोकी नाथ प्रजापति पता म.नं. 553 हाउसिंग बोर्ड कालोनी दोंदेखुर्द तहसील रायपुर रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-3, सड्डू, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 51/21-22
वार्ड का नाम- रानी लक्ष्मीबाई-10

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी लक्ष्मीबाई वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ ए 203 अशोका रतन जो कि निगम अभिलेख में श्री सतीष अग्रवाल s/o स्व. रतन अग्रवाल के नाम से दर्ज है, जिसको 1. श्रीमती सरिता अग्रवाल w/o स्व. कमल कुमार अग्रवाल 2. राहुल अग्रवाल s/o स्व. कमल कुमार अग्रवाल रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 02/7/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 30/2021-2022
वार्ड का नाम- मनमोहन सिंह बक्शी-23

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 23/ भूखण्ड क्रमांक 20/1 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती अफजल डगली पिता अब्दुल जब्बार डगली के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती सै. आसिफ अली पिता स्व. मो. उमर ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम जोन क्र. 7, रायपुर
मंगलम काम्पलेक्स, अग्रसेन चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 29/2021-2022
वार्ड का नाम- संत रामदास-25

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि संत रामदास वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 25/ नया कबीर चौक जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती लोकेश कुमार पिता स्व. भरतलाल जंघेल के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती धनेश साहू पिता अर्जुन राम साहू ने मृत्यु प्रमाणपत्र/ सहमति पत्र/ शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-07
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 52/21-22
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 32/884 श्यामनगर जो कि निगम अभिलेख में श्री चिन्तामन सहारे s/o स्व. बृजलाल सहारे के नाम से दर्ज है, जिसको श्री तक्षक सहारे s/o नरेन्द्र कुमार सहारे रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 02/7/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

क्र./क/बी-121/2021 रायपुर, 21.6.21
ग्राम बांसटाल रायपुर प.ह.नं.
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जयराम वाधवानी पिता स्व. श्री मुरलीधर वाधवानी द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण पत्र बाबत् आवेदन पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के भाई स्व. श्री अशोक कुमार वाधवानी की मृत्यु दिनांक 08/11/2014 को घर पर हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 03/07/2021 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 21/06/2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

सील
कार्यपालन दण्डाधिकारी
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 53/21-22
वार्ड का नाम- लालबहादुर शास्त्री-34

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 34/897/ शांतिनगर (कुंदरापारा) जो कि निगम अभिलेख में श्री चन्दन ताण्डी s/o कन्हैया ताण्डी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री मंजू बघेल पिता कृष्णा बघेल रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 02/7/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास,
Email: rmczone10@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 64/2021-22
वार्ड का नाम- रविन्द्रनाथ टैगोर-55

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रविन्द्रनाथ टैगोर-55 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 52/22 खुशी वाटिका जो कि निगम अभिलेख में श्री रामचंद देवानी s/o स्व.लालचंद देवानी , श्रीमती माया देवी देवानी w/o श्री रामचंद देवानी के नाम से दर्ज है, जिसको श्री रमेश वासुमल कुकरेजा s/o वासुमल किशनचंद कुकरेजा ने शपथ पत्र/ रजिस्ट्री के अनुसार/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-10
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

व्यापारियों ने ठाना है सोमवार करना है बाजार बंद

- शत प्रतिशत व्यापारियों ने दी सहमति
- सीएमओ के समक्ष उपस्थित होकर सौंपा ज्ञापन

गंडई पंडरिया/नवप्रदेश। गंडई मे सोमवार बाजार बंद को लेकर सिलसिला गरमाने लगा था और व्यापारियो के बीच तथा व्हात्सप्प ग्रुप व सोसल मीडिया मे चर्चा का विषया बना था। व्यापारियो की सत प्रतिशत सहमति के साथ कल शुक्रवार को सहमति बनाकर गुमस्ता एक्ट लागू कर सोमवार साप्ताहिक बंद रखने का निर्णय लिया। इसकेपहले गंडई के व्यापारियो ने सोमवार को पूर्ण लॉकडाउन की मांग को लेकर गंडई एसडीएम को ज्ञापन सौप चुके है लेकिन ज्ञापन सौपे हफ्ते भर बित जाने के बवजुद भी मांग पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है इससे व्यापारीयो मे नाराजगी बढ़ती जा रही है उसी नाराजगी को व्यक्त कर नगर पंचायत सीएमओ को ज्ञापन सौपा।

उल्लेखनीय है की गंडई नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वर्ग के व्यपारी की मंशा बनी हुई थी की उसी मद्दे नजर कल शुक्रवार को गंडई सीएमओ प्रमोद शुक्ला को नगर पंचायत पाहुचकर ज्ञापन सौपाज्ञापन मे उल्लेखित किया गया है की व्यापारियो ने नगर की सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुये गोमास्ता एक्ट के तहत सप्ताह मे एक दिन सोमवार को पूर्ण लॉकडाउन करने की सहमति जताते हुये दुकाने बंद रखने को तैयार है इसी संबंध मे नगर के व्यापारियो ने एक हफ्ते पहले गंडई एसडीएम को निष्ठा पांडे को ज्ञापन भी सौपे है लेकिन श्रीमति पांडे ने मांग पर कोई ध्यान नहीं देते हुये इस दिशा मे कोई पहल ही नहीं की इसके चलते व्यापारियो मे उच्चधिकारी के प्रति नाराजगी जताई है। और उसी पर विचार कर गोमस्ता केट के तहत गंडई नगर पंचायत क्षेत्र को सोमवार साप्ताहिक बंद का निर्णय लिया गया है। व्यापारियो ने कहा की कोरोना महामारी संक्रमण को देखते हुवे हम सब को अपनी स्वेक्षा से कम से कम सप्ताह में एक दिन (सोमवार) को अपना-अपना व्यपार बन्द कर अपने परिवार को समय देना चाहिए। जिसके लिए सभी व्यापारियो की सहमति, समर्थन और साथ की बहुत आवश्यक्ता है।

आज अगर सभी वर्ग के व्यपारी साथी एक होकर संगठित होते है। तो इसका आगे और भी अच्छा परिणाम निकलेग साथ ही त्यौहारों के सीजन में अगर उस बीच सोमवार पढ़ता है तो सभी के सहमति से उस दिन सभी व्यपार खोले जाएंगे। सभी व्यापारियो की सहमति बहुत जरूरी है क्यो की ये आप सब के सहमति से ही सम्भव हो सकता है।

किसान आंदोलन की अनदेखी भारी पड़ेगी मोदी सरकार को

किसान से समर्थन मूल्य और अपनी जमीन पर खुद खेती करने का अधिकार छीनने का है विरोध

मोदी सरकार हठधर्मिता छोड़ तीनों काले कानून वापस लें

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी और प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने संयुक्त बयान में कहा है कि दिल्ली सीमा पर किसान आंदोलन के दौरान सैकड़ों आंदोलनरत किसानों की सांसे थम गयी लेकिन मोदी सरकार की तानाशाही खत्म नहीं हुयी। किसानों की ये अनदेखी केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार को बहुत भारी पड़ने वाली है। 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने की बात की लेकिन भाजपा की केंद्र सरकार ने तो तीन काले कानून किसानों को बर्बाद करने के लिए लाए हैं जिनसे व्यापारियों को जमाखोरी करने किसानों की जमीन ठेके पर लेने और किसानों की उपज बिना समर्थन मूल्य के खरीदने की छूट मिल रही।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा किसान विरोधी कृषि कानूनों को वापस न लिए जाने की घोषणा को केंद्र सरकार की हठधर्मिता ठहराते हुए प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष गिरीश देवांगन प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी और प्रभारी महामंत्री संगठन चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा है कि यदि मोदी सरकार ने किसानों को बर्बाद करने वाले ये तीनों काले कानून लागू करने की ठान ही ली है तो किसानों और देश की जनता को मुगालते में रखने के लिये बातचीत की पेशकश बार-बार क्यों की जाती है? 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में सारे वादों को मोदी सरकार ने भुला दिया है और लगातार किसान विरोधी फैसले लेने में मोदी सरकार लगी हुई है। कांग्रेस ने पूछा है कि स्वामीनाथन कमेटी की सिफारिशों को लागू करने का वादा करके सत्ता में आई मोदी सरकार ने कभी भी सी 2 लागत . 50 प्रतिशत किसानों को देने के वादे को पूरा करने की दिशा में काम क्यों नहीं किया? 2021 पूरा होने जा रहा है लेकिन 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के वादे को पूरा करने की दिशा में काम करने की बात तो दूर मोदी सरकार तो किसानों से उनकी फसलों का समर्थन मूल्य प्राप्त करने का अधिकार और उनकी जमीन पर खेती करने का अधिकार भी छीनने में लगी हुई है।

फसलों की सुरक्षा तथा पशु चराई पर रोक लगाने मोखला में रोका छेका कार्यक्रम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। फसलों की सुरक्षा तथा पशु चराई पर रोक लगाने के लिए राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला में आज रोका छेका कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू , जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत लोकेश चंद्राकर शामिल हुए। जिला पंचायत सीईओ लोकेश चंद्राकर ने गौठान का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा बनाए गए सब्जी बाड़ी का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां वर्मी कम्पोस्ट, तार फेंसिंग, बीज उत्पादन, फूलों की खेती के कार्य को देखकर समूह की महिलाओं की प्रशंसा की तथा गौठान में और अधिक कार्य करने हेतु प्रेरित किया।

इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। जिला पंचायत सीईओ श्री चंद्राकर ने ग्राम कुम्हालोरी गौठान का भ्रमण किया एवं समूह के सदस्यों को सब्जी बाड़ी का कार्य किये जाने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने गौठान मे तार फेंसिंग लगाने के लिए तत्काल सरपंच एवं सचिव को निर्देशित किया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालनअधिकारी एस के ओझा ने गौठान, गोधन न्याय योजना एवं महिला समूह द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

पौधा लगाने निगम के एल्डरमेन ब्रांड एम्बेंसडर की भूमिका में रहेंगे

दस हजार पौधे लगाने नागरिकों को किया जा रहा प्रोत्साहित

रिसाली/नवप्रदेश। वन होम वन ट्री योजना के तहत् 6 जुलाई को पौधा लगाने के लिए रिसाली नगर पालिक निगम दस हजार पौधे का वितरण करेगा। निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे शुक्रवार को महाअभियान को सफल बनाने एल्डरमेनों की बैठक ली। आयुक्त ने कहा, हर घर पौधा लगाने वे नागरिकों से सीधे संपर्क करें। शहर को हरा-भरा करने वे रिसाली निगम क्षेत्र में ब्रांड एम्बेसंडर की भूमिका निर्वहन करें।

बैठक में आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि शासन की योजना के तहत् हर परिवार को एक पौध अपने निवास के सामने अवश्य लगाना है। छायादार या फलदार पौध रोपने घर के आस-पास जगह नही होने पर ऐसा स्थान का चयन करें जहॉं पौधा रोपण किया जा सकता है। आयुक्त ने एल्डरमेनों से कहा कि वे अपने-अपने वार्ड में नागरिकों से सीधे संपर्क करें, और पौधा रोपण करने प्रेरित करें। बैठक में एल्डरमेन संगीता सिंह, विलास राव बोरकर, फकीर राम ठाकुर, कीर्तिलता वर्मा समेत रिसाली नगर निगम के नोडल अधिकारी रमाकांत साहू, कार्यपालन अभियंता सुशील बाबर व सहायक अभियंता राजकुमार जैन उपस्थित थे। **शहर में प्रचार रथ :** योजना के तहत् क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधा लगाने के लिए प्रेरित करने प्रचार रथ तैयार किया गया है। प्रचार रथ के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है कि पौधा वो किस स्थान से ले सकते है। साथ ही शोसल मिडिया को भी प्रचार के लिए आधार बनाया जा रहा है।

अधिकारी-कर्मचारी को रोपना अनिवार्य : नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने निर्देश दिए है कि रिसाली नगर पालिक निगम के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी 6 जुलाई को अपने अपने निवास स्थान में पौध रोपण कर कार्यालय पहुंचेंगे। वही निगम कार्यालय व गोठान में भी पौधा रोपण का कार्यक्रम किया जाएगा।

कुपोषण दूर करने जिले में 7 से 16 जुलाई को मनाया जाएगा वजन त्यौहार

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर श्री सौरभ कुमार ने जिले में बच्चों के कुपोषण के आंकलन हेतु 7 से 16 जुलाई 2021 तक जिले के सभी आंगनबाड़ी केदों में वजन त्यौहार का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग को करने के निर्देश दिए है।

उन्होंने इसके लिए पंचायत/वार्ड क्षेत्र के शत-प्रतिशत् बच्चों के पोषण का आंकलन करने, वजन, लम्बाई व अन्य मापदण्डों के आधार पर करने के निर्देश दिए है।इस दौरान प्राप्त आंकड़ों के आधार पर जिले में कुपोषण दूर करने हेतु कार्ययोजना तैयार कर सार्थक प्रयास किया जएगा।इस वजन त्यौहार में 11 से 18 वर्ष की सभी किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट तथा इनका वजन एवं ऊंचाई का मापन करते हुए बी.एम.आई. भी निकाला जाएगा। कलेक्टर ने आमजनों से अपील की है कि पंचायत/वार्ड क्षेत्र के समस्त 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का वजन आंगनबाड़ी केंद्र पर तथा किशोरी बालिकाओं के हिमोग्लोबिन जांच हेतु लोगों को जागरूक करने तथा सहभागिता सुनिश्चित करें।

मंदी और महंगाई की डबल मार के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार : अग्रवाल

देवभोग न्यूज/नवप्रदेश। देश में 23 करोड़ लोग गरीबी रेखा के नीचे आने के अलावा कर्मचारियों से वेतन कटने और नौकरियां जाने के बाद भी मोदी सरकार देश की जनता पर रकम नहीं दिखा रही है। बल्कि मंदी में महंगाई की डबल भार डाला जा रहा है। जिसके लिए सिर्फ और सिर्फ मोदी की गलत नीति की जिम्मेदार है। उक्त बातें जिला महामंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा आगे अग्रवाल यह बताया कि देश में 7 प्रतिशत मयनस विकास दर होने और आम आदमी की आमदनी तेजी से घटने के बावजूद केंद्र सरकार नीतियां से अरहर दाल अंडा गैस सिलेंडर पेट्रोल डीजल सहित दूध के दाम बढ़ाया गया है। मतलब 35 रूपए पेट्रोल डीजल सहित महंगाई कम कराने का झांसा देकर जनता के साथ मोदी सरकार धोखा किया है। शायद यही वजह है खाद्य सामग्री और पेट्रोल डीजल के दाम एक बार मैं आसमान की ओर छलांग लगा रही है। तभी आज नरेंद्र मोदी को युवा महिलाएं सहित तमाम वर्गों के लोग सवालों के घेरे में खड़ा कर आम जनता के बीच से लेकर सोशल मीडिया पर जमकर खिंचाई कर रहै है। क्योंकि अरहर दाल वर्ष 2020 में 90 रुपए हुआ करता था वह आज 120 रुपए मैं मिल रहा है। तो वहीं गैस सिलेंडर पर 25 रुपए बढ़ाया गया । यहां तक बच्चों के खुराक अमूल दूध में तक 2 रुपए बढ़ा दिया गया है ।और पेट्रोल डीजल के दाम तो आसमान छू रहा है। फिर भी मोदी सरकार द्वारा जनता को किसी तरह का राहत नहीं पहुंचाया जा रहा है। यह दुर्भाग्य की बात है कि अब लोगों को अपना पैसा निकालने के लिए 15 रुपए देना पड़ेगा। यहां बता दें कि स्टेट बैंक से 1 दिन में चार बार के बाद से राशि निकाला जाता है तो 15 रुपए देना पड़ेगा। ऐसे इमरजेंसी में भी लोगो को अपना पैसा निकालने के लिए पैसा देना मतलब जनता के कंधों पर आर्थिक बोर्ड बढ़ाने के समान माना जाता है।

किसानों को फल एवं सब्जियों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करें : कलेक्टर

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम चिखलीदाह में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत क्लस्टर में किए जा रहे फल की खेती का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि किसानों को उद्यानिकी फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। वहां उन्होंने 30 एकड़ में अमरूद एवं केले की फसल देखकर खुशी जाहिर की। उद्यान विभाग के अधिकारी रविन्द्र मेहरा ने जानकारी देते हुए बताया कि यहां शासन द्वारा प्रदान किए गए अनुदान की सहायता राशि से 9 किसानों ने ताइवान पिंक वेरायटी एवं केला जी-9 वेरायटी लगाई गई। कलेक्टर ने ग्राम झीकादाह में किसान जीधन साहू के लिए राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत बनाए गए पैक हाऊस का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि किसानों का फल एवं सब्जियों की खेती की ओर बढ़ता रूझान अच्छा संकेत है। इस अवसर पर उन्होंने किसान जीधन साहू को योजना के अंतर्गत 2 लाख रूपए का चेक प्रदान किया। किसान श्री साहू ने बताया कि पहले वे 18 एकड़ जमीन में धान की खेती करते थे लेकिन इस वर्ष वे कुंदरू, लौकी, बैंगन, टमाटर की खेती कर रहे हैं। उद्यान विभाग के अधिकारी ने बताया कि जीधन साहू को राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सब्जियों की पैंकिंग, बेडिंग एवं शार्टिंग के लिए पैक हाऊस का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर एसडीएम लवकेश ध्रुव, जनपद सीईओ श्रीमती रोशनी भगत, तहसीलदार प्रीतम साहू एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

महिला शाखा ने किया डॉ जीवनमल का सम्मान

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा शहर ही सहित आसपास के अंचलो से आये मरीजो का 24 घंटे निरंतर इलाज कर मानवीय मूल्यों को समझने वाले क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर किरण जीवनमल का डॉक्टर्स डे पर मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा की अध्यक्ष प्रीती तिवारी के नेतृत्व में उनका सम्मान किया गया। शाखा सदस्यों ने डॉ रोमा शर्मा का भी अभिनन्दन किया।

मारवाड़ी युवा मंच जाग्रति शाखा की अध्यक्ष प्रीती तिवारी ने कहा की वैसे तो डॉक्टरों का कोई एक दिन नही होता की डॉक्टर्स डे मनाया जाये, डॉक्टर्स तो पुरे 12 माह 24 घण्टे अपनी सेवा देते रहते है और डॉक्टर किरण जीवनमल ने पिछले कोरोना कॉल से जो इलाज, सुविधा दी है वो निश्चित रूप से कोरोना मरीजो ही नही उनके परिजनो के दिलो में भी एक विस्वास, उत्साह का संचार किया है। डॉ जीवनमल की यह सेवा निश्चित रूप से मानवीय सेवा रही जिससे सेकड़ो मरीजो का ना केवल उन्होंने इलाज कर उन्हें स्वस्थ किया बल्कि अन्य कोरोना मरीजो को भी घर बैठे ही कोरोना की दवा से चुस्त दुरुस्त कर दिया।इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच की प्रदेश संयोजिका शिवानी शर्मा, पूर्व अध्यक्ष अलका जैन,अरुणा शर्मा भी साथ थी।

मुख्यमंत्री के समक्ष भाजपा के पूर्व पालिका उपाध्यक्ष ने किया कांग्रेस प्रवेश

कुम्हारी/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष पाटन विधानसभा के नगर पालिका परिषद कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 02 के पार्षद एवं भाजपा के पूर्व उपाध्यक्ष नगर पालिका कुम्हारी के महेश सोनकर बीजेपी नेता ने अपने साथियों के साथ राज्य सरकार के कार्य एवं नगरपालिका के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश किया।

पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुम्हारी के अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष रवि कुमार ने सभी को बधाई दिया। जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के कांग्रेस सरकार की जानकल्याणकारी योजना से प्रभावित होकर ये पूर्व बीजेपी कार्यकर्त्ता नेता भूपेश सरकार के साथ चलना चाह रहे है। शामिल होने वालों में भाजपा नेता युवराज साहू, बबला धीवर, रामेश्वर सोनकर, मोहन सोनकर एवं छगन जलक्षत्री ने मुख्यमंत्री निवास रायपुर में मुख्य्मंत्री भूपेश बघेल के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया।

वजन त्यौहार का आयोजन 7 से 16 जुलाई तक

कलेक्टर पी.एस.एल्मा ने दिए सभी तैयारियां कर लेने के निर्देश

धमतरी/नवप्रदेश। आगामी 07 से 16 जुलाई तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में वजन त्यौहार का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा ने सभी परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना को इसकी तैयारियां कर लेने के निर्देश दी है। उन्होंने शून्य से पांच साल के बच्चों का अद्यतन सर्वे कर पंजीयन करने के निर्देश दिए, ताकि कोई भी बच्चा वजन लेने से वंचित ना रहे।

कलेक्टर ने वजन त्यौहार का पर्याप्त प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। इसके लिए संचालनालय स्तर पर मिले बैनर/पोस्टर को ग्राम के प्रमुख स्थान पर चस्पा करने, हर गांव में कोटवार से मुनादी कराने और गांव के कम से कम 20 स्थानों पर नारा लेखन कराने कहा, जिसमें वजन त्यौहार आयोजन की तिथि भी दर्शाई जाए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ग्राम पंचायतों में सरपंच, पंच, शहरी क्षेत्र में पार्षदों और स्व सहायता समूह के सदस्यों के साथ बैठक कर वजन त्यौहार की जानकारी दी जाए।

यह बैठक सुपरवाइजर द्वारा स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, ए.एन.एम. एवं मितानिन प्रशिक्षक के साथ किया जाए। साथ ही प्रत्येक गांव में कोटवार से मुनादी कराई जाए। वजन त्यौहार में आवश्यकता अनुसार किशोरी बालिकाओं का हिमोग्लोबिन टेस्ट भी कराया जाना तथा उनका बीएमआई निकाला जाना है।

इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्र में आने वाली 11 से 18 साल तक की आयु वर्ग की सभी किशोरी बालिकाओं को इस अभियान में शामिल करने तथा स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के अनुमोदन से प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए आगामी तीन जुलाई तक ग्राम स्तरीय दल गठन करने के निर्देश भी दिए। साथ ही संकुल समन्वयकों को प्रत्येक सेक्टर के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए वजन सत्यापन का कार्य कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि नियुक्ति आदेश अनुविभागीय अधिकारी के अनुमोदन/हस्ताक्षर से जारी किया जाए।

फीडबैक निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में पेयजल व्यवस्था दुरूस्त करने आयुक्त ने दिए निर्देश

पेयजल व्यवस्था को लेकर फीडबैक लेने खुर्सीपार पहुंचे आयुक्त

मॉर्निंग विजिट में संतोषी पारा में डेंगू नियंत्रण अभियान का निरीक्षण किए

भिलाईनगर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम, भिलाई क्षेत्रांतर्गत खुर्सीपार में पेयजल की व्यवस्था को लेकर नागरिकों से फीडबैक लेने आज निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने वार्ड 31 में नलों से पानी भर रही महिलाओं से चर्चा किए उन्होंने बताया कि क्षेत्र में नलों में पानी का प्रेशर पर्याप्त आ रहा है, इस दौरान विभिन्न घरों से कुछ देर पहले ही भरे हुए पानी की शुद्धता जांच किए जहां पानी साफमिला। गलियों का निरीक्षण करते हुए सभी घरो व सार्वजनिक नलों में टोटी अनिवार्य रूप से लगाने तथा मोटर लगाकर पानी खींचने वालो की निगरानी करते हुए दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश जोन 04 के अधिकारियों को दिए। मॉर्निंग विजिट में आयुक्त महोदय वार्ड 25 संतोषीपारा पहुंचे जहां उन्होंनें नागरिकों से टेमिफॉस वितरण, कूलर की सफाई की जानकारी लेते हुए डेंगू से बचाव के नियमों का पालने और घर में रखे हुए अनुपयोगी पात्र में जलजमाव नहीं करने की अपील किए।

भिलाई निगम क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था को लेकर निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने आज खुर्सीपार क्षेत्र पहुंचे और पाईपलाइन, सार्वजनिक नलों में पानी का प्रेशर का निरीक्षण किए। इस दौरान वार्ड 31 दुर्गा मंदिर के पास श्रीमती धर्मशीला देवी, श्रीमती गायत्री मिश्रा, श्रीमती सविता देवी के घरों में जाकर घर के नल में आने वाले पानी का प्रेशर और पानी की शुद्धता के बारे में जानकारी लिए जिस पर महिलाओं ने बताया कि पानी पर्याप्त आ रहा है तथा साफ है, बारिश के सीजन में कभी कभार मटमैला पानी आता है लेकिन बांकी दिनों में कोई समस्या नहीं है। आयुक्त महोदय ने महिलाओं से अपील किए बारिश के सीजन में पानी छानकर भरे ताकि जलजनित बीमारियों से बचा जा सके, उन्होंने कूलर के पानी की नियमित सफाई, तथा निगम की ओर से बांटे गए टेमिफॉस की भी जानकारी लिए। वार्ड में ही एक व्यक्ति द्वारा गंदगी को नाली में बहाते हुए पाए जाने पर दंडात्मक कार्यवाही करने कहा गया। आयुक्त महोदय द्वारा वार्ड 30 बालॉजी नगर में निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे डेंगू नियंत्रण अभियान का निरीक्षण किए इस दौरान जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने किए जा रहे कार्यों के पंजी का अवलोकन कराया। उन्होंने समझाईश के बाद भी कूलर, टायर, टंकी व पुराने पात्रों में भरे हुए पानी की जांच सतत रूप से बनाए रखने के निर्देश दिए तथा व्यापारिक क्षेत्रों में गंदगी फैलाने वालो चिन्हित दंडात्मक कार्यवाही करने कहा गया।

मॉर्निंग विजिट के दौरान आयुक्त श्री रघुवंशी जोन 03 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत संतोषीपारा पहुंचे जहां डेंगू नियंत्रण कार्यक्रम का निरीक्षण किए। वार्ड 25 में पैदल भ्रमण करते हुए नागरिकों से टेमिफॉस वितरण और सफाई व्यवस्था की जानकारी लिए। इस दौरान उपस्थित जोन के अधिकारियों ने नालियों की सफाई, नाली किनारे कंटीली झाड़ियों की कटाई, सार्वजनिक नलों, बोरिंग के आस चूना ब्लीचिंग का छिड़काव की जानकारी दिए। जोन स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि अभियान के तहत डोर टू डोर टेमिफॉस का छिड़काव, टेमिफॉस की रिफिलिंग, जलजमाव वाले स्थानों पर जला एवं मलेरिया ऑयल का छिड़काव किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त अशोक द्विवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द्र मिश्रा, ईई संजय बागड़े, संजय शर्मा, अखिलेश चंद्राकर, बसंत साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी महेश पाण्डे, सहा. स्वा. अधि. जावेद अली सहित जोन 04 के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।